

29:08:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 236 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, शुक्लपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

द्वाविमौ पुरुषव्याघ्र सूर्यमंडल भेदिनौ।

परिव्राड्. योगयुक्तश्च रणेचाभिमुखो हतः॥

भावार्थ : दो ही प्रकार के पुरुष व्या घ्र सूर्यमंडल को भेद पाते हैं, अर्थात् मोक्ष प्राप्त करते हैं - योग में लगा हुआ संन्यासी और धर्मयुद्ध करते हुए मारा जानेवाला वीर।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.09 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.29 बजे

## हत्या के आरोप से हुए बरी हुए इमरान खान

**इस्लामाबादः** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर और प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील ने सोमवार को कहा कि एक अदालत ने इमरान के ऊपर लगे हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया है। वकील नईम पंजुथा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, क्वेटा के अंदर बिजली रोड पर खान साब के ऊपर झूठा मुकदमा लगाया गया। आज वह एफआईआर खारिज हो गई। आज उस मामले में वह बाइज्जत बरी हो गए। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2022 में सरकार गिरने के बाद से इमरान करीब 100 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। इस्लामाबाद की एक अदालत ने उन्हें इस माह तोशखाना मामले में दोषी करार देकर तीन साल की सजा सुनाई थी।

## ताजिकिस्तान में बारिश से 13 लोगों की मौत

**दुशांबेः** पश्चिमी ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन की प्रेस सेवा ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, कल (रविवार को) मूसलाधार बारिश के कारण 13 लोगों की मौत हो गई, जिसमें वाहदत शहर में 11 और रुदाकी के पास दो अन्य लोग शामिल हैं। प्रेस सेवा ने कहा,श्री रहमोन ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री और आपातकालीन स्थिति समिति को प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये। आपातकालीन समिति की प्रवक्ता उमेदा यूसुफी ने बताया कि रविवार को देश में हुई बारिश के कारण दुशांबे, वाहदत और गिसार शहरों तथा रुदाकी, वरजोब, देवाश्तिच, रश्त, सांगवोर एवं तोजिकोबोड जिलों में भूस्खलन और चट्टानें गिरीं। उन्होंने कहा कि वाहदत के चार क्षतिग्रस्त गांवों में 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

## नॉटिंग हिल कार्निवल के दौरान 85 लोग गिरफ्तार

**लंदनः** लंदन के नॉटिंग हिल जिले में पुलिस ने कैरेबियन कार्निवल के पहले दिन 85 लोगों को गिरफ्तार किया है, हालांकि इस दौरान कोई गंभीर घटना दर्ज नहीं की गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने एक बयान में कहा,गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोगों को हथियार, मादक पदार्थ रखने या यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बयान में एक उप सहायक आयुक्त एडे एडेलकन और नॉटिंग हिल कार्निवल के संचालन प्रमुख के हवाले से कहा गया, जैसा कि हमने हमेशा देखा है कि बहुत बड़ी भीड़ लंदन और उसके बाहर से आ रही है, जहां भी ऐसा होगा, हमारे अधिकारी निर्णायक रूप से जवाब देंगे, जो अब तक की गई 85 गिरफ्तारियों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों की संख्या कार्निवल के पहले दिन पुलिस की अपेक्षाओं के अनुरूप मोटे तौर पर सुसंगत थी।

## रिलायंस बोर्ड से नीता अंबानी बाहर, ईशा, आकाश और अनंत शामिल

**मुंबईः** देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल से श्रीमती नीता अंबानी ने इस्तीफा दे दिया जबकि अंबानी परिवार की अगली पीढ़ी ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को इसमें शामिल कर लिया गया है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में निदेशक मंडल ने श्रीमती नीता अंबानी के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आमसभा में कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने यह जानकारी दी। श्री मुकेश अंबानी अगले पांच वर्षों तक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बने रहेंगे। निदेशक मंडल में हुये इस बदलाव पर श्री मुकेश अंबानी ने कहा, बोर्ड की बैठक में ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल में शामिल करने की सिफारिश की गई।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

आह्वान › रोजगार मेला में 51 हजार को नियुक्ति पत्र दिया मोदी ने

# आज की पीढ़ी को स्थायी समाधान चाहिए : प्रधानमंत्री

- बदलाव के लिए खुद को तैयार करें युवा
- हर फैसला देश के फायदे में लेना होगा
- विकास होगा तो रोजगार के अधिक अवसर



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी सेवा में आने वाले युवा प्रशासकों का आज आह्वान किया कि वे नागरिक सेवाओं की तेज डिलीवरी तथा टुकड़ों की जगह एक स्थायी एवं दीर्घकालिक समाधान मुहैया कराने के लिए खुद को तैयार करें और इसके लिए तकनीक की भी मदद लें। श्री मोदी ने यहां सरकारी सेवाओं में नियुक्ति किये गये 51 हजार से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, सरकार और शासन में बदलाव लाने के मिशन में आप सभी युवा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। जनसेवक होने के नाते आपको ऐसे फैसले लेने होंगे, ऐसी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, हर पल ऐसे तैयार रहना होगा, जो लंबे समय तक लोगों के लिए फायदेमंद हो। प्रधानमंत्री ने कहा, आप जिस पीढ़ी से संबंध रखते हैं, वो कुछ हासिल करने का इरादा रखती है। ये पीढ़ी किसी का फेवर नहीं चाहती, वो बस ये चाहती है कि कोई उनके रास्ते का रोड़ा ना बने। इसलिए, जनसेवक के तौर पर आपके लिए ये समझना बहुत आवश्यक है कि सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, हमेशा जनता की सेवा के लिए है।

आप ये समझते हुए काम करेंगे तो कानून व्यवस्था को बनाए रखने में भी आपको बहुत मदद मिलेगी। हमारा चंद्रयान और उसका रोवर प्रज्ञान, लगातार चंद्रमा से ऐतिहासिक तस्वीरें भेज रहा है। गर्व से भरे इस क्षण और ऐसे समय में आप अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना में आकर, सुरक्षाबलों के साथ जुड़कर, पुलिस सेवा में आकर, हर युवा का सपना होता है कि वो देश की रक्षा का प्रहरी बने। इसलिए आप पर ›› पेज 2 भी देखें

### भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है

उन्होंने कहा, आजकल आप लगातार पढ़ते भी हैं और देखते भी हैं हैं कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। भारत इस दशक में टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल हो जाएगा। और ये गारंटी जब मैं आपको देता हूं ना, बड़ी जिम्मेदारी के साथ मैं समस्त देशवासियों को गारंटी देता हूं। लेकिन जब आप ये पढ़ते हैं तो एक सवाल आपके मन में जरूर आता होगा कि इसका देश के सामान्य नागरिक पर क्या असर होगा? और ये सवाल बहुत स्वाभाविक भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने के लिए ये जरूरी है कि देश के हर क्षेत्र का विकास हो। खाद्य क्षेत्र से ले करके फार्मा तक, अंतरिक्ष से ले करके स्टार्टअप तक, जब हर क्षेत्र आगे बढ़ेगा तो अर्थव्यवस्था भी आगे बढ़ेगी। नई संभावनाओं का सीधा मतलब है कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के मौके बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2030 तक हमारी अर्थव्यवस्था में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 20 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अकेले इस उद्योग से 13 से 14 करोड़ लोगों को नए रोजगार की संभावना बनने वाली है। इन सारे उदाहरणों से समझा जा सकता है कि भारत का विकास सिर्फ नंबर की रेस नहीं है। इस विकास का भारत के हर नागरिक के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। इसका मतलब है कि बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर तैयार हो रहे हैं। और इससे आय में बढ़ोतरी और जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने कहा, हम परिवार में भी देखते हैं ना अगर हम किसान हैं, अच्छी फसल हुई-ज्यादा फसल हुई, अच्छे दाम मिले तो घर के अंदर कैसे रौनक आ जाती है। कपड़े नए आते हैं, बाहर जाने का मन करता है, नई चीजें खरीदने का मन करता है। घर की अगर आय बढ़ी तो घर के लोगों के जीवन में भी बदलाव आता है।

एक मेडिकल क्लिनिक में एक शोध सहयोगी के रूप में आईएस के संपर्क में आया

## आतंकी संगठन के मददगार डाक्टर को 18 साल की सजा

- मसूद ने अमेरिका के खिलाफ अभियान चलाया था

राष्ट्रीय खबर



**मिनेसोटाः** यहां कार्यरत एक डाक्टर मोहम्मद मसूद को अदालत ने 18 साल के कैद की सजा सुनायी है। बताया गया है कि मसूद 2020 की शुरूआत में मिनेसोटा के रोचेस्टर में एक मेडिकल क्लिनिक में एक शोध सहयोगी के रूप में आईएस के संपर्क में आया। इसके बाद उसने अमेरिका पर हमले की योजना बनाई। इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने और संयुक्त राज्य अमेरिका पर हमले की साजिश रचने के आरोप में एक पाकिस्तानी डॉक्टर को 18 साल जेल की सजा सुनाई गई है। एच 1 बी वीजा पर अमेरिका में काम करने वाले 31 साल के डॉक्टर का नाम मोहम्मद मसूद है। हालाँकि, पिछले साल अगस्त में मिनेसोटा के वरिष्ठ न्यायाधीश पॉल ए मैग्नसन के समक्ष दोषी ठहराए जाने के बाद मसूद को 18 साल की सजा की पूरी अवधि नहीं काटनी होगी।

वह सरकारी निगरानी में पांच साल बिता सकेंगे। मसूद ने इंटरनेट पर गलत पहचान के तहत लगातार अमेरिका के खिलाफ अभियान चलाया था। यहां तक कि वह सोशल मीडिया पर भी आईएस नेतृत्व के संपर्क में था। मिनेसोटा के रोचेस्टर में एक मेडिकल क्लिनिक में रिसर्च एसोसिएट के रूप में कार्यरत मसूद 2020 की शुरूआत में आईएस के संपर्क में आया। इसके बाद उसने आईएस नेताओं से अमेरिका पर हमला करने की अपील की। मसूद की योजना थी कि वह अकेले ही तोड़फोड़ करेगा। उसी वर्ष फरवरी में, मसूद ने शिकागो, इलिनोइस से जॉर्डन की राजधानी अम्मान तक का हवाई टिकट खरीदा। वहां से उसने सीरिया जाकर आईएस कैंप में ट्रेनिंग लेने की योजना बनाई। मसूद को अपनी योजना रद्द करनी पड़ी। क्योंकि जॉर्डन सरकार ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। कुछ महीनों बाद मसूद पकड़ा गया।

## विदेशी पूंजीनिवेश पर सेबी अब भी टालमटोल कर रही: कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर




**नईदिल्लीः** अडानी ग्रुप के वित्तीय घोटाले पर सेबी किसी फैसले पर नहीं पहुंच पा रही है। कांग्रेस नेतृत्व ने इस पर खुलकर बात की। कांग्रेस नेतृत्व का दावा है कि सेबी किसी फैसले पर नहीं पहुंच पा रही है। यह बहुत चिंता का विषय है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सेबी ने सुप्रीम कोर्ट को स्टेटस रिपोर्ट सौंप दी है। लेकिन पूरे मामले को संयुक्त संसदीय समिति ही देख सकती है। दरअसल, प्रधानमंत्री के पसंदीदा बिजनेस ग्रुप को छुपाने की कोशिश की जा रही है। जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, सेबी घोटाले पर किसी फैसले पर नहीं पहुंच पा रही है। अडानी ग्रुप द्वारा किए गए कथित घोटाले और वित्तीय धोखाधड़ी पर सेबी कोई फैसला नहीं ले पा रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को जो स्टेटस रिपोर्ट सौंपी है, वह संतोषजनक नहीं है। इस बीच कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सेबी कह रही है कि जब तक आंतरिक जांच एजेंसी की रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता। जयराम रमेश ने कहा कि सेबी के फैसले के मुताबिक पूरे देश को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कई सवालों के जवाब नहीं मिलते। उन्होंने कहा, क्या सेबी अडानी की विदेश से आई 20000 करोड़ की बेनामी संपत्ति का स्रोत ढूंढ पाएगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि केवल संयुक्त संसदीय समिति के गठन से पता चलेगा कि कैसे मोदी ने अपने पसंदीदा बिजनेस ग्रुप की मदद के लिए सभी नियमों का उल्लंघन किया है।

इस बीच, सेबी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उन्होंने जांच पूरी कर ली है। लेकिन अडानी ग्रुप के खिलाफ दो शिकायतों पर वे कुछ नहीं कर सके। क्योंकि विदेश से वास्तव में किसने निवेश किया, इसके बारे में कुछ जानकारी नहीं है।

24 जनवरी को, यूएस हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया कि अडानी अपने शेयर की कीमत बढ़ाने के लिए कई वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल था। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अडानी समूह विदेशों में बेनामी कंपनियां खोलकर अपने शेयर खरीदता था। इस तरह बाजार में झूठी मांग पैदा करके शेयर की कीमत बढ़ा दी गई। हालांकि, इस दावे को अडानी समूह ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। फिर जांच कराई गई। हालाँकि, हिंडनबर्ग रिपोर्ट को अडानी ग्रुप ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था।

यूक्रेन में एफ 16 पहुंचने के दौरान ही बुरी खबर मिली

## हवा में हुई टक्कर में यूक्रेन के 3 पायलटों की मौत



**कियेबः** यूक्रेन में दो प्रशिक्षण लड़ाकू विमानों के बीच हवा में हुई टक्कर में तीन यूक्रेनी पायलटों की मौत हो गई। इनमें 'जूस' के नाम से मशहूर पायलट भी शामिल हैं। यह जानकारी देश की वायुसेना ने दी। पिछले साल यूक्रेन में रूस का ऑपरेशन शुरू होने के बाद अब कियेब जवाबी कार्रवाई कर रहा है। वायुसेना को मजबूत करने के लिए उन्हें अमेरिका निर्मित एफ-16 लड़ाकू विमान मिलने शुरू हो गए हैं। ऐसे में तीन पायलटों की मौत को देश की वायुसेना के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। यूक्रेन की वायुसेना की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, यह हादसा देश के उत्तरी जाइटॉमिर क्षेत्र में हुआ। जो दो यूक्रेनी प्रशिक्षण जेट टकराए वे एल-39 मॉडल थे। वे नष्ट हो गए हैं और अब इस हादसे की जांच की जा रही है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इग्नाट ने सोशल मीडिया पर कहा कि मारे गए पायलटों में से एक एंड्री पिल्शिकोव था। उन्हें जूस के नाम से जाना जाता था। यह युवा पायलट बहुत होशियार था। उन्होंने यूक्रेन के ऊपर एफ-16-र उड़ाने का सपना देखा था। यूक्रेन की वायुसेना ने युद्धक विमान की टक्कर की घटना को भयानक बताते हुए कहा, हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम सभी के लिए दुखद और अपूरणीय क्षति। इस घटना के बीच ही अमेरिका निर्मित पहला एफ-16 लड़ाकू विमान यूक्रेन पहुंच गया है। रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने नीदरलैंड द्वारा यूक्रेन को उपलब्ध कराए गए युद्धक विमानों के आने की पुष्टि की है। पिछले रविवार को, नीदरलैंड और डेनमार्क ने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कियेब को लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने का वादा किया था।

## भारतीय वायुसेना को तेजस के नये संस्करण के एक सौ विमान

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्लीः** वायु सेना के एक अधिकारी ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में 300 से अधिक तेजस लड़ाकू विमानों को लड़ाकू स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा। इनमें तेजस मार्क-1ए और तेजस मार्क-1 विमान शामिल हैं। भारतीय वायुसेना छह दशक पुराने रूसी फाइटर जेट मिग-21 की जगह लेने के लिए भारतीय फाइटर जेट तेजस का नया संस्करण चुनने जा रही है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 100 तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति पहले ही भारतीय वायु सेना की विनिर्माण राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी, बेंगलुरु की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को दी जा चुकी है। लंबी परीक्षण अवधि के बाद, केंद्रीय कैबिनेट सुरक्षा समिति ने 2021 की शुरूआत में 83 स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू जेट मार्क-1ए की खरीद को मंजूरी दे दी। इसके बाद हैल ने व्यावसायिक आधार पर इसका उत्पादन शुरू किया। वायुसेना सूत्रों के मुताबिक, स्वदेशी तकनीक वाले हल्के लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल मुख्य रूप से 60 के दशक के रूसी मिग-21 के प्रतिस्थापन के रूप में किया जाएगा। वायु सेना के एक अधिकारी ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में 300 से अधिक तेजस लड़ाकू विमानों को लड़ाकू स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा।

चौथी पीढ़ी के हल्के लड़ाकू विमान जनजाति का तेजस पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है। इसके 65 प्रतिशत से अधिक घटक और उपकरण भी भारतीय कंपनियों द्वारा निर्मित हैं। कई अंतरराष्ट्रीय रक्षा रिपोर्टों के मुताबिक, चीन के जेएफ-17 फाइटर जेट की तुलना में तेजस का नया संस्करण तकनीकी रूप से बेहतर है। संयोग से, हल्के लड़ाकू विमानों की उत्कृष्टता के मामले में चीन के जेएफ-17 की तुलना अंतरराष्ट्रीय मंच पर तेजस के प्रतिद्वंद्वी के रूप में की जाती है।

एचएएल ने तेजस को 'एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एयरो रडार' (एएसईए), मिड-एयर रिफ्यूलिंग और 'एस्ट्रा' मिसाइलों से लैस करने का काम भी पूरा कर लिया है। तेजस का भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर सफल उड़ान और लैंडिंग परीक्षण पहले ही हो चुका है। नतीजतन, निकट भविष्य में यह लड़ाकू विमान भारतीय नौसेना के साथ-साथ वायुसेना में भी देखा जा सकता है। भारत के अलावा मलेशियाई वायुसेना ने भी हाल ही में तेजस मार्क-1 खरीदने का फैसला किया है।

अनुसंधान › सिंगापुर के वैज्ञानिकों ने अत्यंत लचीली और छोटे आकार की बैटरी बनायी

# यह बैटरी कॉटैक्ट लेंस को ऊर्जा देगी

- आंसू का खारापन इसे चार्ज करेगा
- इंसानी आंख के लिए यह सुरक्षित
- भविष्य में यह वीडियो कैमरा भी बनेगा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** सिंगापुर के नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मानव कॉर्निया जितनी पतली एक लचीली बैटरी विकसित की है, जो खारे घोल में डुबोए जाने पर बिजली संग्रहित करती है, और जो एक दिन स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस को शक्ति प्रदान कर सकती है। स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस उच्च तकनीक वाले कॉन्टैक्ट लेंस हैं जो हमारे कॉर्निया पर दिखने वाली जानकारी प्रदर्शित करने में सक्षम हैं और इसका उपयोग संवर्धित वास्तविकता तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है। वर्तमान उपयोगों में दृष्टि को सही करने में मदद करना, पहनने वालों के स्वास्थ्य की निगरानी करना और मधुमेह और ग्लूकोमा जैसी पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए बीमारियों का पता लगाना और उनका इलाज करना शामिल है। भविष्य में, स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस को ›› पेज 2 भी देखें

### निष्कर्ष जून में वैज्ञानिक पत्रिका नैनो एनर्जी में प्रकाशित हुए थे

टीम ने एक नकली मानव आंख का उपयोग करके अपने आविष्कार का प्रदर्शन किया। बैटरी, जो लगभग 0.5 मिलीमीटर-पतली है, बेसल आँसू के साथ प्रतिक्रिया करके विद्युत शक्ति उत्पन्न करती है - निरंतर आँसू जो हमारे नेत्रगोलक पर एक पतली फिल्म बनाते हैं - लेंस के भीतर लगे उपकरणों के कार्य करने के लिए। लचीली और सपाट बैटरी रिडक्शन नामक प्रक्रिया के माध्यम से बिजली का निर्वहन करती है जब इसकी ग्लूकोज ऑक्सीडेज कोटिंग आंसुओं में सोडियम और क्लोराइड आयनों के साथ प्रतिक्रिया करती है, जिससे कॉन्टैक्ट लेंस के भीतर बिजली और करंट उत्पन्न होता है। टीम ने प्रदर्शित किया कि बैटरी 45 माइक्रोएम्पीयर का करंट और 201 माइक्रोवाट की अधिकतम शक्ति उत्पन्न कर सकती है, जो एक स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस को बिजली देने के लिए पर्याप्त होगी। प्रयोगशाला परीक्षणों से पता चला कि बैटरी को 200 बार तक चार्ज और डिस्चार्ज किया जा सकता है। विशिष्ट लिथियम-आयन बैटरियों का जीवनकाल 300 से 500 चार्जिंग चक्र होता है। एनटीयू टीम उनकी बैटरी द्वारा डिस्चार्ज की जा सकने वाली विद्युत धारा की मात्रा में सुधार करने के लिए और अधिक शोध करेगी। वे अपनी तकनीक को लागू करने के लिए कई कॉन्टैक्ट लेंस कंपनियों के साथ भी काम करेंगे।

## लादेन को मारने वाला अमेरिकी नौसैनिक गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**वाशिंगटनः** अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को मारने का दावा करने वाले अमेरिकी नेवी सील को एक घातक छापे में गिरफ्तार कर लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें मारपीट और सार्वजनिक रूप से शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूर्व नेवी सील्स रॉबर्ट और नील को पिछले हफ्ते फ्रिस्को, टेक्सास में गिरफ्तारी के बाद 3,500 डॉलर के जुमार्ने और बांड पर रिहा कर दिया गया था। 2011 में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने पाकिस्तान में एक गुप्त ऑपरेशन में संयुक्त राज्य अमेरिका के ट्विन टावर्स, जिसे नाइन-इलेवन के नाम से जाना जाता है, पर आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को मार गिराया था। उन्होंने उस ऑपरेशन में ओसामा पर गोली चलाने का श्रेय लिया। इसके बाद से वह सबकी नजरों में आ गए। नील को पहले भी 2016 में नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हालाँकि, उनके खिलाफ कोई आरोप दायर नहीं किया गया था। इस बीच उस अभियान ›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## बीडी राम ने जेल में अभय सिंह से की मुलाकात

**जमशेदपुर :** पलामू के सांसद एवं भाजपा नेता बीडी राम ने सोमवार को घाघीडीह जेल में बंद अभय सिंह से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मौके पर मीडिया से बातचीत के क्रम में बीडी राम ने कहा कि सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह के साथ अपराधी सा व्यवहार किया जा रहा है। इस मामले में पार्टी गंभीर है, एवं विधि विशेषज्ञों से राय लेकर आगे की कार्रवाई करेगी। पार्टी अभय सिंह को जेल से बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि जिस मामले में अभय सिंह को जेल भेजा गया था उस मामले में अभय सिंह को जमानत मिल गई है, लेकिन झूठे मामले में फंसाकर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें जेल में रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

**आरोप** > डुमरी से 'इंडिया' की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में सीएम की नावाडीह में सभा

# वोट के बदले नोट बांट रहा विपक्ष, जनता इसका जवाब दे: हेमंत

राष्ट्रीय खबर




**बेरमो :** मुख्यमंत्री हेमंत्र सोरेन ने 27 अगस्त रविवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव में 'इंडिया' गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में नावाडीह के ऊपरघाट मे सभा को संबोधित किया। कहा कि विपक्षी पार्टियां वोट के बदले रुपये बांटने में लगी हैं। उनके पास पूंजीपतियों की फौज है। वे रुपयों से वोट खरीदना चाहते हैं। जनता इसका जवाब बेबी देवी को भारी मतों से जीत दिलाकर दे। यह स्वर्गीय जगरनाथ महतो के प्रति उनकी श्रद्धांजलि होगी। सीएम ने कहा कि यहां स्व। जगरनाथ महतो आजीवन डुमरी के लोगों के हक के लिए लड़ते रहे। हमेशा यहां के लोगों के हितों की बात करते रहे। उन्होंने अपने कार्यों से राज्य में इतनी बड़ी लकीर खींच दी है कि उसे पार करना मुश्किल है। जब वे नहीं रहे, तो राज्य सरकार ने उनकी पत्नी को मंत्री बनाकर अपना दायित्व पूरा किया है, अब जनता की बारी है कि उन्हें मजबूत बनाकर सदन में भेजें। हेमंत ने कहा कि आज वे अपनी राज्य सरकार की उपलब्धियां बताने नहीं आए हैं, विपक्ष की कारगुजारियों से लोगों को सचते कराने आए हैं। पैसे के लिए अपने मान-सम्मान से समझौता नहीं करें और जगरनाथ महतो के कार्यों को याद कर अपना फैसला लें। उन्होंने संथाली भाषा में भी अपनी बातें रखीं। सभा को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मथुरा महतो, विधायक जयमंगल सिंह, प्रत्यशी मंत्री बेबी देवी, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, पूर्व विधायक ममता देवी, योगेंद्र महतो आदि ने भी संबोधित किया।

## न्यूज फटाफट

### आज कांग्रेस भवन, रांची स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई किया



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ढाकुर जी के नेतृत्व में एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की मौजूदगी में 21 अगस्त 2023 को कांग्रेस के सभी मंत्रियों के साथ बैठक आहूत की गई थी, जिसमें जन-सुनवाई कार्यक्रम का निर्णय लिया गया, महीने के प्रत्येक सप्ताह सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय, रांची में एक मंत्री के द्वारा जन-सुनवाई सुनी जाएगी। उसी कड़ी में आज कांग्रेस भवन, रांची स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आये और मंत्री को आवेदन दे कर अपनी बातों को उनके समक्ष रखा। मंत्री ने बड़े ध्यान पूर्वक सभी लोगों की बातों को सूना एवं त्वरित कारवाई करने के लिए अपने विभाग के संबंधित पदाधिकारियों से बात किया एवं सभी आवेदन के आलोक में अपने निजी सचिव को पत्राचार करने का आदेश दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर काम कर रही है, जिस से हरेक जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग कोरोना जैसी महामारी में बड़े ही मुस्तैदी से काम किया है। हम चाहते हैं कि व्यक्ति अपनी समस्याओं से हमलोगों को अवगत कराये ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित तौर पर कारवाई कर समाधान करायें। जब से हमारी सरकार बनी है अपने विभाग को चुस्त-दुरूस्त करने में कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ा है।

### झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी केपूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व0 पी.एन. सिंह जी की पुण्यतिथि आज



**रांची:** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व0 पी.एन. सिंह जी की पुण्यतिथि आज पूर्वाह्न 11:30 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रॉची में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता एवं कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर मार्ल्यापण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन के उपरांत एक सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों द्वारा स्व. पी.एन. सिंह जी का व्यक्तित्व के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्व. सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता एवं उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था। उनके नहीं रहने पर भी उनके पुत्रों द्वारा यह परम्परा का निर्वाहन किया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने ने कहा कि स्व. सिंह जमीन से जुड़े हुए नेता थे, जो लोगों के दु:ख-सुख में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

## ठगी के शिकार लोगों ने संजय सेठ से लगायी मदद की गुहार



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** धुर्वा और इसके नजदीकी इलाकों में रहने वाले कई नागरिकों ने सांसद संजय सेठ से सोमवार को उनके कार्यालय में भेंट की। इस दौरान उन्हें जानकारी दी कि उन सबों ने धुर्वा पोस्ट ऑफिस में अपनी गाढ़ी कमाई जमा की थी। पोस्ट ऑफिस ने कई लोगों के साथ मिलकर बड़ा फजीर्वाड़ा किया। उनके पैसे निकाल लिए गए। यह राशि 50 लाख रुपये से अधिक की है। इनमें कई सैनिक परिवार के भी लोग हैं। उन सबों को उनके पैसे और न्याय दिलाया जाए। इसके बाद संजय सेठ ने उन्हें मदद करने का आश्वासन दिया। अभी स्थानीय पुलिस को इस पर कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने दे दिया है। जरूरत पड़ने पर इस प्रकरण की सीबीआई जांच करायी जायेगी। दोषी अफसरों के वेतन काटकर भुक्तभोगियों के पैसे वापस कराए जाएंगे।संजय सेठ के मुताबिक पोस्ट ऑफिस द्वारा किए गये फजीर्वाड़े के मामले में पीड़ित परिवारों ने पीएमओ कार्यालय को भी अवगत कराया है। इस मामले में पीएमओ ने संज्ञान लिया है। जांच की प्रक्रिया भी आरंभ हो चुकी है। जरूरत पड़ी तो मामले की सीबीआई जांच भी वे कराएंगे।

बाबूलाल मरांडी की कार्यकताओं से अपील

## हेमंत सरकार की लूट के खिलाफ डुमरी उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत करें तय

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी तथा पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सोमवार को डुमरी में पार्टी कार्यकताओं में जोश भरा। डुमरी विधानसभा के निमियाघाट मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बाबूलाल ने कहा कि डुमरी में उप चुनाव के लिए 5 सितंबर को वोटिंग होनी है। पार्टी कार्यकर्ता हर हाल में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी की जीत तय करने को कमर कसें।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि साढे तीन सालों से राज्य में हेमंत सोरेन सरकार ने लूट मचा रखी है। हर विभाग में करप्शन आम बात है। घोषणा पत्र में हर साल 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा इस सरकार का था। रोजगार नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात थी। आज तक एक को भी भत्ता नहीं मिला। रोजगार के नाम पर युवाओं को केवल ठगा जा रहा। स्थानीय और नियोजन नीति में उन्हें उलझा दिया गया है। ऐसें में डुमरी उप चुनाव के बहाने समूचे राज्य की नजर इधर है। पार्टी कार्यकर्ता मिलकर तय करें कि सरकार की सच्चाई लोगों के सामने आए। यशोदा देवी की जीत तय हो। लक्ष्मीकांत वाजपेयी सहित अन्य नेताओं ने भी मौके पर कार्यकताओं को उत्साहित किया। इस दौरान पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय सहित अन्य भी उपस्थित थे।बाबूलाल ने मौके पर कहा कि राज्य में चारों ओर लूट मची है। कोयला, पत्थर, बालू, जमीन की लूट में सोरेन परिवार भी शामिल है। महाजनों से लड़ने की बात करने वाला शिबू सोरेन परिवार आज राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन चुका है। अथाह संपत्ति अर्जित कर ली है। यही कारण है कि ईडी या जांच एजेंसियों के पास हिसाब बताने की बजाय पूछताछ से बचने को अदालतों में भागदौड़ हो रही है। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो पूछताछ से क्यों घबरा रहे। महंगे वकीलों की सेवा ले रहे हैं।बाबूलाल के मुताबिक लोग सरकार से उम्मीद करते हैं कि वह कानून का राज बनाए रखेगी। पर आज बहु, बेटियों का अपहरण हो रहा है। उन्हें आग लगा दिया जाता है, पेड़ पर टांग दिए जाते हैं। राज्य में अपराध बढ़ रहा है। हेमंत सोरेन के राज में भी अपराधियों को हिम्मत है। पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने की बजाए सरकार के कहने पर उगाही में लगी है। ऐसे में इस भ्रष्ट सरकार को विदा करना जरूरी है।

### पेज एक का शेष

#### आज की पीढ़ी को स्थायी .. ..

बहुत बड़ा दायित्व होता है। इसीलिए आपकी जरूरतों के प्रति भी हमारी सरकार बहुत गंभीर रही है। बीते कुछ वर्षों में अर्धसैनिक बलों की भर्ती प्रक्रिया में कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में सैकड़ों आदिवासी युवकों की नियुक्ति की गई थी। इन्हें नियमों में छूट देकर सुरक्षाबल में भर्ती पाने का अवसर दिया गया, ताकि विकास की मुख्यधारा से जुड़े रहें। इसी तरह सीमावर्ती जिलों और उग्रवाद प्रभावित जिलों के युवाओं के लिए कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में कोटा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि देश का विकास सुनिश्चित करने में आपके दायित्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। सुरक्षा का वातावरण, कानून का राज, विकास की रफ्तार को तेज कर देता है। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि कभी उत्तर प्रदेश विकास के मामले में बहुत पीछे था और अपराध के मामले में बहुत आगे। लेकिन अब कानून का राज स्थापित होने से उत्तर प्रदेश, विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। अपराध कम हुआ है, तो राज्य में निवेश भी बढ़ रहा है, निवेश आ रहा है।

#### यह बैटरी कॉटैक्ट लेंस .. ..

पहनने वाले द्वारा देखी और सुनी गई हर चीज को रिकॉर्ड करने और क्लाउड-आधारित डेटा स्टोरेज में प्रसारित करने के लिए विकसित किया जा सकता है।

इस भविष्य की क्षमता तक पहुँचने के लिए उन्हें बिजली देने के लिए एक सुरक्षित और उपयुक्त बैटरी विकसित करने की आवश्यकता है। मौजूदा रिचार्जेबल बैटरियां मानव आंखों में उपयोग के लिए अनुपयुक्त होती हैं। एनटीयू द्वारा विकसित बैटरी जैव-संगत सामग्रियों से बनी है और इसमें तार या जहरीली भारी धातुएं नहीं हैं, जैसे कि लिथियम-आयन बैटरी या वायरलेस चार्जिंग सिस्टम में। इसमें एक ग्लूकोज-आधारित कोटिंग होती है जो इसके आस-पास के खारे घोल में सोडियम और क्लोराइड आयनों के साथ प्रतिक्रिया करती है, जबकि बैटरी में मौजूद पानी बिजली उत्पन्न करने के लिए तार के रूप में कार्य करता है।

बैटरी को मानव आंसुओं से भी संचालित किया जा सकता है क्योंकि उनमें कम सांद्रता में सोडियम और पोटेशियम आयन होते हैं। बैटरी का जीवन इसके उपयोग के प्रत्येक बारह घंटे के पहनने के चक्र के लिए एक अतिरिक्त घंटे बढ़ाया जाएगा। बैटरी को पारंपरिक रूप से बाहरी बिजली आपूर्ति द्वारा भी चार्ज किया जा सकता है।

एनटीयू के स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग (ईईई) के एसोसिएट प्रोफेसर ली सेओक वू, जिन्होंने अध्ययन का नेतृत्व किया, ने कहा, यह शोध एक सरल प्रश्न के साथ शुरू हुआ कि क्या कॉन्टैक्ट लेंस की बैटरी को हमारे आंसुओं से रिचार्ज किया जा सकता है? यह बिजली उत्पन्न करने के लिए केवल ग्लूकोज और पानी पर निर्भर करता है, जो दोनों मनुष्यों के लिए सुरक्षित हैं और पारंपरिक बैटरियों की तुलना में निपटान के बाद पर्यावरण के लिए कम हानिकारक होंगे।

अनुसंधान टीम द्वारा किए गए काम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, एनटीयू स्कूल ऑफ मैकेनिकल एंड एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर मुरुकेशन वडक्के माथम, ने कहा, चूंकि यह बैटरी ग्लूकोज पर आधारित है ऑक्सीडेज, जो स्वाभाविक रूप से मनुष्यों में होता है और क्लोराइड और सोडियम आयनों द्वारा संचालित होता है, जैसे कि हमारे आंसुओं में, उन्हें मानव उपयोग के लिए संगत और उपयुक्त होना चाहिए। अनुसंधान टीम ने एनटीयू की नवाचार और उद्यम कंपनी एनटीयूटिव के माध्यम से पेटेंट के लिए आवेदन किया है। वे अपने आविष्कार का व्यावसायीकरण करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

#### लादेन को मारने वाला .. .. ..

को लेकर फिर से बहस तेज हो गयी है। इसमें अमेरिकी सेना ने एक गुप्त अभियान में पाकिस्तान के अंदर छिपे तालिबान नेता ओसामा बिन लादेन को उसके घर पर ही मार दिया था। घटना के बारे में बता दें कि इसके साथ ही अमेरिका ने 11 सितंबर 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले के 10 साल बाद इसका बदला लिया था। ओसामा के मारे जाने के पूरे ऑपरेशन की निगरानी अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने खुद की थी। ओबामा ने ही ओसामा के मारे जाने का एलान भी किया। मौत पाकिस्तान के ऐबटाबाद शहर में हुए अमरीकी सेना के अभियान में 2 मई 2011 को उसे मार डाला गया। ओसामा बिन लादेन की मौत के 12 घंटे के बाद अमरीका के विमान वाहक पोत यूएसएस कार्ल विन्सन पर शव को एक सफेद चादर में लपेट कर एक बड़े थैले में रखा गया और फिर अरब सागर में उतार दिया गया। इसके बाद अभियान में कौन से सैनिक शामिल थे, इस बारे में अब तक औपचारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया था।

## गैर खतियानी को आयोग का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाना अनुचित : नायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग मे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गैर झारखंडी लोगो को और स्वर्ण समाज से बनाना झारखंड के झारखंडी मुस्लीम एंव पसमंदा समाज कदापि बर्दाश्त नही करेगा। उपरोक्त बातें सोमवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर हिदायतुल्लाह खान और उपाध्यक्ष पद पर शमशेर आलम के नाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरी झंडी देने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही। उन्होंने कहा कि मनोनयन हेतु फाइल कल्याण विभाग से निकल कर विजिलेंस टीम के पास चला गया है। हिदायतुल्लाह खान और शमशेर आलम दोनों बाहरी और गैर खतियानी है। हिदायतुल्लाह खान पर तो कई अपराधिक मामले दर्ज है। दोनों सवर्ण-अशराफ मुस्लिम समुदाय के है जो भाजपा के परम्परागत वोट बैंक है । झारखंड की कुल मुस्लिम आबादी में 90 फीसदी से ज्यादा अंसारी और पसमांदा मुस्लिम समुदाय की आबादी है। ऐसे में पसमांदा और खतियानी मुस्लिम समुदाय को न बना कर दोनों पद पर किसी गैर खतियानी झारखंडी को बनाना समझ से परे है। श्री नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेसी नेता लोग इस भूल को सुधारे और दोनों पद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर पसमांदा झारखंडी समुदाय से साफ सुथरी छवि रखने वाले को बनाये। उन्होंने बाहरी नेताओं के दबाव में सिर्फ और सिर्फ बोर्ड निगमों में गैर झारखंडी समाज के उच्च वर्ग के नेताओं का मनोनीत किया जा रहा है जो झारखंडी समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है । इन्होने यह भी कॉग्रेस के केन्द्रीय नेताओं से अपील किया कि वह झारखंडी मुस्लिम समाज के मनोनयन के दिशा में काम करें अन्यथा आने वाले चुनाव में जेएमएम और कॉग्रेस को इसकी सजा भुगतने पड़ेंगे ।

सीपीआइएम कार्यकताओं की बैठक

## 13 सितंबर को पदयात्रा निकालने की रणनीति बनी

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** सीपीआइएम कार्यकताओं की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य मधुआ कच्छप ने की। बैठक में यह तय किया गया कि बढ़ती महंगाई और घटते रोजगार के मुद्दे पर पंचायत स्तर तक घर झ घर जाकर महंगाई बढ़ाने वाली भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर किया जाएगा। इस अखिल भारतीय अभियान के बाद झारखंड के ज्वलंत मुद्दों जिसमें विस्थापन और जमीन की लूट के खिलाफ और शहीद सुभाष मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा दिये जाने की मांग की गयी।इन मांगों के साथ ही 13 सितंबर को इस इलाके से एक प्रभावी पदयात्रा निकाल कर रांची के उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। बता दें बैठक रांची के पश्चिमी प्रखंडों का किया गया। जिसमें नगड़ी, रातू, मांडर,चान्हो और इटकी क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक को पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य डा। रामचंद्र डोम, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव के अलावा समीर दास, सुरेश मुंडा, सुखनाथ लोहरा, प्रकाश टोप्पो, प्रो। रंथु उरांव, राकेश उरांव, अमित उरांव, रजनीश उरांव और भंते जैनेंद्र तथागत ने संबोधित किया।

**उपचुनाव** > डुमरी विधानसभा उपचुनाव इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के लिए बनी अहम की लड़ाई

# डुमरी विधानसभा के उपचुनाव को लेकर इंडिया महा गठबंधन की कमान सीएम ने संभाली

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन के लिए जितना कितना माने रखता है इसका उदाहरण इन दो दिनों में ही देखने को मिल जाता है । जहां एनडीए गठबंधन के आजसू उम्मीद को जितने के लिए आजसू सुप्रीमो स्वंय कमान संभाल रखी है तो दुसरी तरह इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सह मंत्री स्व जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को जितने का बिड़ा प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उठा लिया है। ऐसा हम नही कह रहे हैं बल्कि मुख्यमंत्री के लगातार क्षेत्र में दो चुनावी जनसभा को संबोधन करना यह साफ बताता है कि झामुमो डुमरी विधानसभा हरहाल मे जितना चाहती है। वहीं आजसू रामगढ़ के उपचुनाव जितने के बाद पुरे उत्साह मे दिख रही है और उसे लगता है कि वह डुमरी विधानसभा उपचुनाव आसानी से जीत जायेगा। मगर इस रस्साकशी को देख साफ लगता है कि यह उपचुनाव जीतना दोनो के लिए आसान नहीं। बताते चले की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को डुमरी विधानसभा के नवाडीह में सभा को संबोधित किए । इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। कार्यक्रम डुमरी विधानसभा के नवाडीह प्रखंड अंतर्गत पोखरिया पंचायत के फुटबॉल मैदान में आयोजित था । सभा में मुख्यमंत्री के साथ इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी बेबी देवी के साथ साथ कई विधायक और मंत्री मौजूद रहे। वही मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में विरोधी दल पर खूब निशाना साधे और झारखण्ड में लूट खसोट का गठबंधन एनडीए को कहा। आखिर में बेबी देवी को भारी मतों से जिताने की अपील किये और साथ ही साथ स्व जगरनाथ महतो के विकास कार्यो को लोगो को याद दिलाया और कहां कि इस चुनाव में उनकी पत्नी को जीताकर स्व श्री महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम करे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि विरोधी काफी धनी लोगो की पार्टी है खुब रुपया का लोभ देगे मगर वोट तो आपका अपना है खुब सोच समझ कर मतदान करे और विकास पुरुष के धर्म पत्नी को विजय बनाये। इस चुनावी जनसभा में कार्यकताओं और स्थानीय लोगो की भारी भीड़ उमड़ आई थी और जमकर नारेबाजी भी देखी गई। बहरहाल डुमरी विधानसभा के उपचुनाव मानो एनडीए और इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के लिए नाक की लड़ाई बन चुकी है अब देखना बाकी होगा कि चुनावी जीत का ऊंट किस करवट बैठता है मालिक तो जनता है और फैसला भी इन्हीं के हाथों में है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर



web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### सुनील भारतीय कराटे टीम के कोच बनाए गए

रांची :अगले महीने 6 से 11 सितंबर तक थाईलैंड के बैंकॉक में थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एके-डमी (इमा) के तकनीकी निदेशक एवं शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये है। टीम कोच बनाए जाने पर शिहान सुनील किस्पोट्टा ने खुशी जाहिर करते हुए विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमिटी के सदस्य हांशी भारत शर्मा कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी, महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा को धन्यवाद दिया है। कहा कि रांची जैसे छोटे से शहर से इस चैंपियनशिप के लिए लगातार दूसरी बार भारतीय कराटे टीम का कोच चुना जाना एक गौरवान्वित पल है। यह एक बड़ा दायित्व भी है जो जिम्मेवारी कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन ने मुझ पर विश्वास कर दिया है। मैं उसे अच्छी तरह से निभाऊंगा।

रक्षा बंधन त्योहार

शहर में रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से बाजार सजने लगी

# रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां



राष्ट्रीय खबर

रांची: रक्षा बंधन का पर्व नजदीक आ रहा है। इस कारण बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। शहर में रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों से बाजार सजने लगी है। कोरोना काल के दो साल बाद इस बार लोगों में रक्षा बंधन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। भाई-बहन के इस पर्व के लिए बहनें अभी से ही अपने बाहर रहने वाले भाइयों के लिए राखी खरीद कर भेज रही है। बाजार में आकर्षक राखियों की मांग सबसे अधिक है। खासकर दिल्ली और कोलकाता की बनी राखियों की मांग है। महंगाई के बावजूद बाजार में स्टोन, जरकन और मेटल की राखी, कलावा के साथ रुद्राक्ष के अलावा कई तरह की फैंसी राखी मांग अधिक है। शहर के मुख्य बाजार के अलावा मोहल्ले में राखियों की दुकानें खुली है। थोक से लेकर खरीदा तक राखी की बिकी हो रही है। हालांकि महंगाई का असर रक्षा बंधन पर्व पर भी साफ दिखाई दे रहा है। राखियों के दाम में पिछले साल की तुलना में इस बार 20 प्रतिशत तक तेजी आई है।

बाजार में स्टोन की राखियों की खूब हो रही बिक्री बाजार में ऐसे कई तरह के राखियां है। लेकिन स्टोन वाले राखियों को बिक्री अधिक हो रही है। साथ ही स्टाइलिश राखियों, ब्रेसलेट, मोतियों, मेटल एवं भईया-भाभी राखी खूब बिक रही है। बच्चों के लिए बाजार में टैडी, छोटा भीम, डोरीमोम, पवजी कई तरह के राखियों है। राखी का थोक विक्रेता आनंद कुमार ने कहा कि बाजार में थोक में एक रुपये लेकर 130 रुपये तक राखी का दाम है। वहीं खुदरा में राखी पांच रुपये से लेकर 250 रुपये तक बिक रही है। रक्षा बंधन को लेकर तीन महीने पहले से तैयारी शुरू कर देते है। मांग के अनुसार राखी दूसरे शहर दिल्ली, कोलकाता, मुंबई एवं राजकोट से आता है। रक्षा बंधन पर्व 12 अगस्त को है। 11 अगस्त को रात 8:25 बजे से रक्षा बंधन का मुहूर्त प्रारंभ होगा। भद्रा नामक दोष के कारण रक्षा बंधन रात 8:25 बजे के पहले नहीं हो सकता है। उक्त मुहूर्त 12 अगस्त को सुबह 7:16 बजे तक है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार 12 अगस्त को रक्षाबंधन का मुहूर्त पूरे दिन है। ऐसे में रक्षा बंधन पर्व 12 अगस्त को है।

## न्यूज फटाफट

### दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन



रांची: जेसीआई राँची द्वारा दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग टूनार्मेंट कांके रोड स्थित लीजेंड 7 मैं खेला गया। दो दिन के इस प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 90 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल थे, एवं इस प्रतियोगिता में कुल 18 मैच खेले गए। टीम बदमाश कंपनी, रॉयल 11, माइका चैलेंजर्स एवं फ्रेंड्स एंड कंपनी ने सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाया, जिसमें बदमाश कंपनी एवं माइका चैलेंजर्स के बीच काफी रोमांचक फाइनल का मुकाबला हुआ, जिसमें टीम बदमाश कंपनी ने जीत दर्ज कर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया एवं माइका चैलेंजर्स ने रनरअप का खिताब हासिल किया। इस टूनार्मेंट के बेस्ट बैट्समैन सौरभ साबू, बेस्ट बॉलर चंद्रेश बजाज, प्लेयर ऑफ द सीरीज रौनक जैन एवं अदिति राठौर ने प्लेयर ऑफ द सीरीज (महिलाओं) पर कब्जा किया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रतीक जैन, अंकुर अग्रवाल व अनुभव गाड़ोदिया एवं मेंटर संजय शर्मा ने इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन किया और उनका साथ मोहित वर्मा, सिद्धार्थ चौधरी, अभिषेक जैन व अन्य सदस्यों ने दिया। संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया सचिव तरुण अग्रवाल एवं डायरेक्टर खेलकूद अंकित जैन ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया एवं इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

### शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट एक से

रांची: शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट-2023 का उद्घाटन 01 सितंबर, 2023 को दिन के 10 बजे से होगा। मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो व मो. साकीब ने संयुक्त रूप से बताया कि टूनार्मेंट के विजेता को 71 हजार नगद व ट्रॉफी, उपविजेता को 41 हजार नगद व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय स्थान पानेवाले को 11 हजार नगद व ट्रॉफी और चतुर्थ स्थान पानेवाले को 10 हजार नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ी को भी सम्मानित किया जाएगा।

### स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव धूमधाम से मना

रांची: श्री जीण माता प्रचार समिति द्वारा स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें 351 से अधिक महिलाओं ने राजस्थानी वेश भूषा मारवाड़ी परिधान में माता के भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम का आरंभ गणेश पूजन के साथ विजय पालड़ीवाल ने सह परिवार माता की ज्योत प्रज्वलित की। विशेष रूप से तैयार किए गए छप्पन भोग का प्रसाद लगाया। पुरुलिया से आई मशहूर भजन गायिका शीतल कटारूका द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। जिनका साथ रांची की कलाकार सावित्री तोदी ने दिया। इनके द्वारा प्रस्तुत मैया तेरे भरोसे मेरा परिवार है. तू सिंह पे चढ़ कर आजा मां. मेरी झोली भर दीजिए जीण भवानी मां. और जीण तुम बड़ी दयालु हो मां. आदि भजनों का आए हुए सभी भक्तों ने भरपूर आनंद लिया। भजनों के साथ माता काजन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनरी महोत्सव, निशान यात्रा एवं गजरा महोत्सव मनाया गया। उत्सव में आए भक्तों ने मां श्री जीण भवानी को झूला झुलाया एवं माता का आशीर्वाद लिया।

### लोक जनशक्ति पार्टी की रातू में बैठक

रांची: जिला लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास आर) की बैठक बलिया घाटी रातू में हुई। जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, रितेश ठाकुर, आनंद वर्मा, प्रदीप पासवान, कृष्णा चौरसिया के उपस्थिति में कुछ गांव के प्रमुख व्यक्ति और महिला के साथ बैठक की गयी। जिसमें संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि 17 सितंबर के बाद 25 सितंबर के बीच में एक तिथि सुनिश्चित कर बड़ा बैठक किया जायेगा। बैठक में शेख, सुशील कुमार, नीरज उरांव, सोमर उरांव, शुक्ररा उरांव, संजय विश्वकर्मा, अंकुश सिंह, महेश यादव, पूनम उरांव, हीरा उरांव, लाली कुमारी, सिल्लू उरांव, शिवपति देवी और रीना उरांव आदि उपस्थित थे।

### जिला रौनियार वैश्य सभा के शिविर में श्रद्धालुओं की सेवा

रांची: सावन की अंतिम सोमवारी पर जिला रौनियार वैश्य सभा के द्वारा सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की। पहाड़ी मंदिर के समीप सेवा शिविर में भक्तों के बीच फूल, बेलपत्र बांटा गया। आज सोमवार को महाप्रसाद भंडारे में खीर, पुरी, हलवा, पेयजल, चाय और बिस्कुट वितरण किया गया। इस भंडारे कार्यक्रम में रांची जिला रोनियार वैश्य सभा एवं अखिल भारतीय रोनियार वैश्य सभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के द्वारा सेवा शिविर में बड़ा योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ विजय राज, डॉ मुरली सेनगुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, सुबोध गुप्ता, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, आर एन साह, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, हेमंत गुप्ता, प्रकाश कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### माहेश्वरी परिवार की चौपाल में बहनों ने मस्ती भरी पल गुजारा

रांची: माहेश्वरी परिवार की ओर से चौपाल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को एकजुट करना है। जो महिलाएं अपनी निजी जिम्मेदारी से निवृत्त हो गई है। वह अपनी हम उम्र साथियों के साथ अपने जीवन में कुछ मस्ती के पल व्यतीत कर सके। चौपाल के अंतर्गत श्रावण सिंजारा का आयोजन किया गया। जिसमें 50 बहनों ने प्रारंभ में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद सावन से संबंधित फन गेम्स, हौजी, मारवाड़ी गीतों में घूमर का आनंद लेते हुए मस्ती भारी शाम का आंनद लिया। सभी महिलाएं सोलाह श्रृंगार से सज के आई थी। झूले का मजा लेते हुए सभी ने खूब तस्वीरें उतारी। इस सिंजारा आयोजन में इंदु, कविता, किरण, सुमन साबू, कृष्णा काबरा, ममता बांगर, सुमन चितलांगिया, संगीत चितलांगिया, रेनू पलोड़, विजयश्री साबू, कुमुद लखोटिया, शारदा लड्ढा, शशि डागा, विजय लक्ष्मी साबू, उषा डागा, सरोज राठी, शिखा बिरला, उषा मंत्री, बेला काबरा, मनीषा कांकनी, प्रेमलता, नीलू साबू, उमा साबू, मंजू काबरा, प्रीति, रेखा बिहानी, संगीता बांगर, रेनू काबरा एवं प्रमिला सोमानी आदि शामिल थे।

### स्टेप ऑन फिटनेस एंड डांस स्टूडियो में सावन मिलन

रांची: स्टेप ऑन फिटनेस एंड डांस स्टूडियो में 26 अगस्त को सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिस्मे मुख्य अतिथि सुपता नंदी शामिल हुई। उनके साथ मीना मोदी, प्रीति अग्रवाल और मीना सिन्हा शामिल हुई। स्टेप ऑन फिटनेस और डांस स्टूडियो की निदेशक स्नेहा मोदी और यहां के शिक्षक ऋषव, अमन, अजय के कारण ये कार्यक्रम सफल हुआ। इस प्रोग्राम में सभी महिलाओं और बच्चों का डांस परफॉर्मेंस हुआ। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी महिलाओं को रैंप वॉक और गेम्स खिलाया गया। जिसमें सावन क्वीन का खिताब सीमा को मिला। बच्चों को भी गेम्स खेलाया गया। सभी बच्चों के बीच गि?ट्स बांटा गया। यह कार्यक्रम गांधी नगर क्लब में आयोजित किया गया था।। मां महिला समिति फ्रेंड्स कॉलोनी के तत्वावधान में महिलाओं ने सावन मिलन का आयोजन किया।

## राज्यपाल ने काव्य पुस्तक 'अभिव्यंज्जना' का किया विमोचन




राष्ट्रीय खबर

रांची: बीएयू में आयोजित सेमिनार के उद्घाटन के मौके पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा कवियित्री शैल सिंह की काव्य पुस्तक 'अभिव्यंज्जना' का विमोचन किया गया। इस काव्य पुस्तक में कवियित्री ने अपने हृदय के उदगार को 142 काव्य धाराएं एवं 6 गजलों की रचनाओं को रखा है। इस कविताओं की माला पुस्तक में कवियित्री शैल सिंह ने अपनी कल्पनाओं एवं भावनाओं की अनुभूति एवं अंतरात्मा के उदगार को सृजित कर पेश की है। इस कविता माला में कवियित्री ने खुशी, हताशा, निराशा, विरह, वियोग, बिछड़न के संवेग को शब्दों की वाणी से कविताओं में मुखरित किया है। एमए (समाजशास्त्र) एवं बीएड शिक्षा प्राप्त कवियित्री शैल सिंह एक कुशल गृहणी और बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की धर्म पत्नी है। इनकी अबतक शब्दों की चहलकदमी, कालजयी, काव्य पंचवटी, भोर की ओर, अक्षर रंगोली, साज सा रंग रचनाएं प्रकाशित हुई है। इन्होंने विभिन्न काव्य सम्मेलनों, काव्य गोष्ठियों एवं हिंदी दिवस के कार्यक्रमों में शिरकत की है। आकाशवाणी में भी कविताओं की प्रस्तुति दी है।

### सैप के 907 पदाधिकारियों और कर्मियों का सेवा 31 से होगा समाप्त

रांची: स्पेशल ऑग्जिलरी पुलिस (सैप) के 907 पदाधिकारियों व कर्मियों का 31 अगस्त से सेवा समाप्त हो जायेगा। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, सैप 1 वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप 2 वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर में अनुबंध के आधार पर नियुक्त सैप के 907 पदाधिकारी और कर्मियों (जिनकी सेवा अवधि सात साल या सात साल से अधिक हो चुकी है) की सेवा 31 अगस्त से समाप्त कर दिया जायेगा।पुलिस मुख्यालय ने जारी आदेश में कहा है कि सैप एक और दो वाहिनी के कमांडेंट सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के नाम से इश्यूड हथियार, गोली और पहचान पत्र को जमा करा लें। वहीं अनुबंध समाप्त करने के लिए आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। दूसरी तरफ भूतपूर्व सैनिकों के लिए अच्छी खबर है। सरकार उनकी नियुक्ति स्पेशल ऑग्जिलरी पुलिस (सैप) में 771 पदों पर करेगी।

मारवाड़ी हाई स्कूल में साइक्लोथॉन का आयोजन, फिट रहने का संदेश

## स्कूल 150 बच्चों ने लिया भाग, शहर में करीब तीन किमी किया साइकलिंग



राष्ट्रीय खबर

रांचीः मारवाड़ी हाई स्कूल के बच्चों ने आज साइक्लोथॉन के तहत साइकिल से निकले। इस दौरान शहर भ्रमण कर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। साइक्लोथॉन का आयोजन अपर बाजार स्थित मारवाड़ी हाई स्कूल में किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में साइक्लोथॉन में 150 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल कैंपस से प्रिंसिपल आशीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों के साइकिल को रवाना किया। बच्चों ने स्कूल कैंपस से साइकलिंग शुरू की और शहीद चौक, अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड होते हुए अपर बाजार का चक्कर लगाते हुए करीब 3 किलो मीटर की दूरी तय कर वापस स्कूल पहुंचे। साइकलिंग के दौरान बच्चों ने आमलोगों को फिट रहने और सेहत के प्रति गंभीर रहने का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक जैसा टी-शर्ट दिया गया था। साइकलिंग के दौरान बच्चों को जूस और स्नैक्स भी दिये गये। स्कूल के प्रिसिंपल आशीष कुमार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच की अध्यक्ष स्वेता भाला, सर्वदा ज्वेलर्स, सौरभ अग्रवाल, पूजा तोदी, सरिता बथवाल मारवाड़ी युवा मंच से जुड़े लोग शामिल हुए।

## भारत भ्रमण पर निकले जयदेव सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

रांचीः स्वैक्षिक रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले जयदेव रावत की मुहिम को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सम्मानित किया गया। एक सादे समारोह में सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने गुरुद्वारा साहिब में जयदेव रावत को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाया और मनीष मिढ़ा ने मोमेंटो प्रदान किया। दीपक नंदा ने माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर जयदेव रावत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को श्रद्धापूर्वक माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु नानक सत्संग सभा और गुरुनानक सेवक जत्था ने जयदेव रावत को बाकी बचे सफर के लिए सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के निवासी जयदेव रावत ने बातचीत में बताया कि वे 1 अक्टूबर, 2022 को कोलकाता से साइकिल से भारत भ्रमण के लिए निकले हैं। उनका लक्ष्य पूरे भारत में स्वैक्षिक रक्तदान को लेकर लोगों को जागरूक करना है। उनकी सोच है देश के हर घर से एक रक्तदाता हो। अपनी इस मुहिम में वे अभी तक धनबाद, पटना, मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, जमशेदपुर का दौरा करते हुए रांची पहुंचे हैं। यहां से आज मुरी और पुरुलिया होते हुए वापस कोलकाता पहुंचेंगे। सम्मान कार्यक्रम में अर्जुन देव मिढ़ा, नरेश पपनेजा, मनीष मिढ़ा, सूरज झंडई, अतुल गेरा, दीपक नंदा, विशेष काठपाल, यश बेदी, वंश डावरा, हर्षित बजाज, गगनदीप सिंह, सरदार पिंदे सिंह, राकेश घई, जयंत मुंजाल, दीपक तलेजा, रुद्र गिरधर, गीतांशु तेहरी, वरुण गेरा और पुनीत अरोड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति,

## मोरहाबादी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से की मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

रांचीः श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 6 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता मौजूद थे।

सेमिनार > भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका पर सेमिनार आयोजित

## राज्य के आदिवासी समुदाय की उम्दा जीवन शैली: कुलाधिपति



राष्ट्रीय खबर

रांचीः झारखंड राज्य वन संपदा की विविधताओं से समृद्ध है। यह एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां वृक्षों की भगवान की तरह पूजा की जाती है। राज्य की आबादी के जीन में वन संरक्षण रचा बसा है। राज्य की कला एवं संस्कृति हमें महानता का बोध कराता है। राज्य के आदिवासी समुदाय की उम्दा जीवन शैली है। उनके देशज ज्ञान एवं जीवन मूल्य अनुकरणीय है। राज्य की परंपरागत नृत्य एवं गीत से झारखंड की महान संस्कृति का पता चलता है। राज्य की खनिज संपदाओं का देश की समृद्धि में करीब 30 प्रतिशत योगदान है। सब्जी उत्पादन के मामले में देश का सरप्लस स्टेट है। राज्य में अपार संसाधन एवं अपार क्षमताएं मौजूद है। जरुरत है अवसरों का सही समय, सही जगह और सही तरीकों से सदुपयोग कर राज्य के विकास के साथ भारत देश को गौरवान्वित करने की। उक्त विचार बतौर मुख्य अतिथि कुलाधिपति सह राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बीएयू में आयोजित कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषयक एक दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन के अवसर पर रखा। राज्यपाल ने कहा कि सेमिनार का विषय वर्त्तमान संदर्भ में राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती एवं प्रेरणादायक बताया। राज्य के विश्वविद्यालयों में अकादमिक कौंसिल प्लेटफार्म के सृजन का समर्थन किया।

विश्वविद्यालयों में इस तरह के आयोजन से भावी झारखंड के निर्माण में नयी सोच, नये विचार एवं संसाधनों का उचित उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही। विश्वविद्यालयों में राज्य की देशज तकनीकी पर आधारित छोटे झ छोटे स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर बल दिया। कहा कि हमारे अपने प्रयासों एवं नवीन पहल का महत्त्व है। इस दिशा में राज्य के सभी संसाधनों का राज्य के लोगों के हित में की जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का फसल एवं पशु प्रजाति के विकास के साथ विशेषकर औषधिय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा है।

देश का पहला गिलोय प्रसंस्करण एवं शोध केंद्र एवं एलोवेरा विलेज जैसी उपलब्धियों से संभावना के क्षेत्र का विस्तारीकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्षा के आगमन एवं उसकी स्थिति को देखते हुए किसान खेती करते है और खेतों में एकसाथ दीखते है। उन्होंने राज्य में वषार्पात की असमानता एवं मौसम में बदलाव को देखते हुए बीएयू वैज्ञानिकों से कम अवधि में अधिक उत्पादन वाली खाद्यान विशेषकर चावल तथा दलहन एवं तेलहन फसलों उन्नत किस्मों के विकास पर शोध करने की अपील की। तकनीकी विकास में किसानों को कम लागत में अधिकाधिक आमदनी को प्राथमिकता देने की बात कही। मौके पर झारखंड राज्य पत्रकार संघ (जेएसजेयू) के कार्यकारी अध्यक्ष स्वामी दिव्य ज्ञान ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने झारखंड राज्य के कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में चुनौती, बाधा एवं संभावनाओं की जानकारी दी। धन्यवाद पंकज वत्सल ने दी। मौके पर भोला नाथ सिंह, अजय नाथ सहदेव,डॉ गोपाल पाठक, एएन मिश्रा, डॉ सुशील कुमार अंकन, किशोर मंत्री, रवि रंजन मिश्रा, एसपी गुप्ता, डॉ एमएस मल्लिक, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ डीके शाही, डॉ एमके गुप्ता, डॉ बीके अग्रवाल, ई डीके रुसिया सहित पत्रकारिता जगत की हस्तिया, विशिष्ठ व्यक्ति एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में मनाया गया श्रावण शुक्ला पुत्रदा एकादश

रांची: अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्रावण शुक्ला पुत्रदा एकादशी मनाया गया । सावन के पावन मास की अंतिम एकादशी होने के कारण भक्तों का उत्साह चरम पर था। प्रात: श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया। मौके पर मन्दिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी इस विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 8:30 बजे श्री श्याम प्रभु की ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारम्भ किया गया। श्यामा तेरे चरणों की धूल अगर मिल जाए. खूब सज्यो श्रृंगार खाटू वाले को. दरबार अनोखा सरकार अनोखी . सांवरिया तेरा मुझको दीदार हो जाए और तेरा हूं दिवाना दिलदार सांवरे. आदि भजनों की लय पर भक्तजन झूमते रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश चन्द्र सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनीयां, नितेश केजरीवाल, गौरव परसरामपुरिया, विकास पाड़िया का योगदान रहा।

**शहर >> अपडेट**

### जनप्रतिनिधियों ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत

**बेरमो :** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के नेता ललन कुमार मल्लाह, भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री संत सिंह,समाज सेवी शंकर दिगार, भोला भारती, मनोज कुमार, सूरज दिगार, राधेश्याम दिगार ने नए थाना ने बेरमो के नव पदस्थापित थाना प्रभारी अशोक कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। कहा कि थाना प्रभारी लोगों के हित में कार्य करेंगे और क्षेत्र शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### शनि देव मंदिर स्थापना के लिए भूमि पूजन का आयोजन

**पतरातू :** पी टी पी एस अंतर्गत मां महाकाली मंदिर के परिसर में शनि मंदिर का भूमि पूजन एवं शीलापूजन समाजसेवी निशि पांडे के द्वारा पाँच ईंट रखकर किया गया। क्षेत्र के जिला पार्षद राजाराम प्रजापति स्थानीय मुखिया सह समिति के सचिव किशोर कुमार महतो एवं कांग्रेस पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के द्वारा नारियल फोड़ कर आधारशिला की पूजा अर्चना की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष राधे श्याम अग्रवाल समाजसेवी निशि पांडे एवं समिति के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी के द्वारा जिला पार्षद राजा राम प्रजापति को सॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंदिर आधारशिला के दौरान समिति के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल के द्वारा कहा गया कि इस भूमि पर भव्य और सुंदर शनि मंदिर समिति द्वारा बनाने का संकल्प लिया है। आने वाले दिनों में पी टी पी एस काली मंदिर को सुंदरीकरण किया जाएगा। एवं समिति द्वारा तय किया गया है कि आगामी दिनों में मंदिर के परिसर महायज्ञ भी करवाया जाएगा। मंदिर आधारशिला में क्षेत्र के पंडित मनीष कुमार के द्वारा विधि पूर्वक पूजा अर्चना आरती मंदिर परिसर में करवाया गया। समिति द्वारा निर्णय कर मंदिर के परिसर में चौबीस घंटा का अखंड कीर्तन का शुभारंभ भी किया गया।

**जागरूकता शिविर**

विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# शिक्षित एवं जागरूक होकर ही विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव : सौरभ अंशु



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय डाड़ी में मेगा विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ एन।अंबर, एलडीसीएस सौरभ अंशु, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह डाड़ी मुखिया लखनलाल महतो, गौतम कुमार अवर निरीक्षक गिद्दी थाना, विकास कुमार सोनी अधिवक्ता, मुखिया लक्ष्मी देवी द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि सौरभ अंशु ने कहा कि शिक्षित एवं जागरूक होकर ही विकासशील राष्ट्र का निर्माण संभव है।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा वैसे लोगों के लिए सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं जो कोर्ट का व्यय के लिए सक्षम नहीं होते हैं।उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक लोगों को अपने अधिकार व न्याय के लिए बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर अधिवक्ता विकास कुमार सोनी द्वारा कई जरूरी कानून की जॉबकारी लोगों को दी गई।उन्होंने कहा कि लोग हजारीबाग जिला विधिक प्राधिकार में आकर भी बिलकुल मुफ्त में कानून की जानकारी हासिल किया जा सकता है।

इस मौके पर कई परिसंपत्तियों का वितरण बीडीओ सह सीओ द्वारा किया गया। कुल 25 लोगों को पेंशन के कागजात सौंपे गए।वहीं 8 मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज के 8समूह को 33.5 लाख की परिसंपत्ति वितरित की गई।जबकि बाल विकास परियोजना के तहत 5लाभुकों को दिव्यांग्य सामग्री वितरित की गई।जिसमें एक को श्रवण यंत्र, दो को ब्लाइंड स्टिक, एक को बैशाखी सहित एक दिव्यांग को ट्राइसाइकल मुहैया करवाया गया।साथ ही 5किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण और 10लाभुकों के बीच साडी, धोती, लुंगी का वितरण किया गया। इस मौके पर कई विभागों द्वारा अपने अपने विभाग के स्टॉल लगाकर प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर गुंजन कुमार साव मुखिया, पंसस कर्मी देवेंद्र कुमार, अजित तिवारी, रवि कुमार,लालबहादुर महथा, पुष्पा कुमारी, इकलाख, अप्पू कुमार सिन्हा राजकुमार लाल आदि लोग मौजूद थे।

### मजदूर संघ ने मनाया राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस

**बेरमो :** सोमवार 28 अगस्त को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ सम्बन्द्ध भारतीय मजदूर संघ ढोरी द्वारा पंचायत सचिवालय तातरी में बड़े धूमधाम से राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह द्वारा दतोपंत ढेंगरी,माँ भारती तथा भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तातरी के मुख्या गिरेन्द्र मिश्रा को क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सचिव द्वारा अंगवस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर स्वागत किया गया उक्त मौके पर सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा तथा बोकारो जिला भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संत सिंह,तातरी पंचायत के उप मुख्य नामित मिश्रा,पंचायत समिति सदस्य माधुरी मिश्रा उपस्थित रहे मौके पर रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी कर कहा कि भारतीय मजदूर संघ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मातृत्व शक्ति अमृता विश्नोई के शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाते आये हैं और इस दौरान हमलोग 28 अगस्त सोमवार को पंचायत सचिवालय तातरी उच्च विद्यालय स्कूल के बच्चों द्वारा पुरे विश्व में बढ़ते वायु प्रदूषण को किस प्रकार रोकथाम तथा नियंत्रण किया जाए उपरोक्त विषय को लेकर एक लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन तथा संगोष्ठी कर उक्त मौके पर उपस्थित ग्रमीणों को बढ़ते वायु प्रदूषण को किस प्रकार नियंत्रण किया जाए इस पर भारतीय मजदूर संघ के ढोरी के पदाधिकारियों द्वारा जनजागरण कार्यक्रम सहित फलदार वृक्षारोपण तातरी पंचायत के गांवों में सड़को के किनारे किया लगाया गया उक्त मौके हीरालाल रविदास,अजय सिंह,बीरेन्द्र गुप्ता,राजेश पासवान,प्रमोद कुमार गौतम,ललन मल्लह,मनोज कुमार,रीता देवी,कविता देवी,सविता देवी,बजरंग मिश्रा, महानंद मल्लह,गिरिराज मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

## उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बेरमो विधानसभा के कई क्षेत्रों में बाटा आई ड्रॉप



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बेरमो पहुंचे और मकली,करगली बाजार और कुरपनिया आदि जगहो मे 500 ग्रामीणों और जरूरतमंदों के बीच आई फ्लू से बचने के लिए आई ड्रॉप का निशुल्क वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंख को आई फ्लू से बचाने के लिए सावधानी बरतें। आंख को साफ पानी से साफ करें। यदि किसी व्यक्ति या परिवार के किसी सदस्य में आई फ्लू के लक्षण जैसे आंख में हल्का लालीपन होना उससे दूरी बना कर रखे रहें। काला चश्मा पहने और आई ड्रॉप का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि आई फ्लू से किसी घबराने की बात नहीं है। परहेज और समय पर उपचार से इसका पूर्णत इलाज होता है। 3-4 दिन में ठीक हो जाता है। लेकिन आई फ्लू होने पर चिकित्सकों से परामर्श करना जरूरी है। सिंह ने कहा कि वह इस अवसर पर बेरमो विधानसभा क्षेत्र के लोग साथ हैं और हर संभव सहयोग करते रहेंगे। इस मौके पर भाजपा फुसरो नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह, सुरेंद्र चौहान, सुनील वर्मा, शिवपूजन चौहान, नंदकिशोर सिंह, केदार चौहान, सुभाष सिंह, बीरेंद्र ठाकुर, अशोक साव, देवकांत सिंह,सत्यदेव सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पार्श्व गायक स्व मुकेश की मनाई 47 वीं पुण्यतिथि



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व मुकेश के 47 वी पुण्यतिथि के मौके पर कोयलांचल के लोकप्रिय गायक पवन कुमार द्वारा कार्यक्रम का आगाज उनकी प्रसिद्ध गीत जाने कहाँ गये वो दिन..जीना यहां मरना यहां इसके सिवा जाना कहां.. जाने चले जाते है कहाँ. चंदन सा बदन, चंचल चितुवन से किया। इसके बाद राजू हलचल ग्रुप एवं म्यूजिशियन में कमल दा, गौतम बैस, छोटन मुखर्जी, बापी दा, एवं पंचम कुमार ने देर रात तक ऐसी समा बांधा कि मौजूद श्रोता देर रात तक जमे रहे। रविवार देर शाम कोयलांचल वासियों ने प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय मुकेश को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मौके पर पवन सारेगामा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इस दौरान उनके द्वारा गाए सदाबहार गीतों को प्रस्तुत कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्व मुकेश के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीपीओ किशोर कुमार रजक व विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, के साथ साथ साहिल शफीक अनवर, कथारा पीओ बी के साहू, पार्षद प्रीति दीवान, एलआईसी के विकास अधिकारी सोनू कुमार, राजेंद्रनाथ चौधरी, विजय मेवाड़, चंद्रशेखर चौधरी, चंद्रशेखर पटवा, हाजी अख्तर आजाद, मुकेश दांगी, मेहरू राम दांगी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे आयोजन छोटे शहरों में कम ही देखने को मिलता है। कार्यक्रम आयोजन के लिए पवन सारेगामा की टीम बधाई के पात्र हैं। इसके बाद शुरू हुए गीत और संगीत के दौर ने उपस्थित श्रोताओं को स्व मुकेश की यादों में सराबोर कर दिया। इसके बाद गायक वसीम राजा, गायिका रूबी, संगीता ने ओ मेरे दिल की चैन. रात बाकी, बात बाकी...सावन का महीना पवन करे शोर.. गाना गाया तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान निर्मल महतो, गिरीश चौधरी, रंजीत चटर्जी, दीपक कुमार, प्रदीप दांगी, संजय दांगी, मो जफर, पंचम दांगी, कंचन दांगी, रेवालाल महतो, निकहत परवीन, विजय ठाकुर, शिवनंदन राव, राकेश कुमार, कुसुम देवी, पूजा, सोमा चटर्जी, डोली देवी, प्रियंका कुमारी, विवेक कुशवाहा, रितेश पंडा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुटे भाजपाई



**बेरमो :** भाजयुमो फुसरो मंडल महामंत्री प्रशांत कुमार सिंह के जवाहर नगर स्थित आवास मे रविवार को बूथ संख्या 84 और 85 की 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम का समीक्षा बैठक की गई। महामंत्री टुनटुन तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा कार्यकताओं को उनके राजनीतिक प्रयासों में नए संकल्प और ताकत प्रदान करके सशक्त बनाना है। आगामी 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहना है। मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम हमारी सकारात्मक राजनीति को एक नया संकल्प, एक नई शक्ति देने वाला है। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी नवल किशोर सिंह, मंत्री मनोज कुमार चंद्रवंशी, प्रशांत कुमार सिंह, मदन वर्मा आदि उपस्थित हुए।

### निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

**तेनुघाट :** तेनुघाट पंचायत भवन मे तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव के देख रेख मे नारायणा फोनडेशन धनबाद की और से एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें तेनुघाट पंचायत के लगभग पचास महिला पुरुष ने अपने नेत्रों का जाँच कराया। वहीं लेब टेक्निसियान सलमा खातून ने लोगो की नेत्र जाँच की। श्रीमती खातून ने बताया की इस शिविर मे मोतिया बिंद, दृष्टि दोष, नेत्र मे पड़े छाले इत्यादि का जाँच किया गया। जाँच कराने आये लोगो के द्वारा आधार कार्ड, दो फोटो और मोबाईल नम्बर जमा किया गया। वंही श्रीमती खातून के द्वारा बताया गया की इन लोगो से जमा कराये गए मोबाईल नबर से सूचना की जाएगी की किस दिन मोतिया बिंद की ऑपरेशन की जाएगी। साथ ही निशुल्क लेंस जरूरत के अनुसार लगाया जायेगा।

## जीतराटुंगरी में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। खेल के प्रति हमें सजग रहना चाहिए हमारे शारीरिक विकास में खेल का महत्व बहुत अधिक है हमें अपने दैनिक कार्य एवं पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी दैनिक रूटिंग में शामिल करना होगा तभी हमारे शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी संभव है खेल से मस्तिष्क का विकास होता है। उक्त बातें रविवार को डीआरएम (धनी राम मांझी) स्पोर्टिंग क्लब केदला दो नंबर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट के समापन के मौके पर जीतरा टुंगरी फुटबॉल मैदान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रतिनिधि हेमलाल महतो ने कही। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में केदला उत्तरी मुखिया गिरधारी महतो, इचाकडीह मुखिया रमेश राम, विधायक प्रतिनिधि शंकर करमाली, केदला दक्षिणी मुखिया प्रतिनिधि नरेश हांसदा, केदला मध्य मुखिया प्रतिनिधि मंतोष सिंह, बीसीकेयू एरिया सचिव बसंत कुमार, सीटू केंद्रीय सदस्य बलभद्र दास, रामकुमार मांझी, सुनील बास्के, वीरु टुडु, दिपक टुडु, बाबुराम टुडु, महादेव महतो, शक्लधर करमाली, दिनेश मांझी, विजय राम आदि लोग मुख्य रुप से उपस्थित थे।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच कश्चप ब्रदर्स (केदला नगर) और महुआटांड (पुण्डी) के बीच खेला गया। इसमें कश्चप ब्रदर्स ने महुआटांड को 2 - 0 से शिकस्त देकर कप पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने विजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद और एक बड़ा कप तथा उप विजेता टीम को 16 हजार रुपए नगद और एक छोटा कप पुरस्कार के रूप में दिया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद हेंब्रोम, बिरजन हैंब्रोम, सचिव सोनू हेंब्रोम, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार, अशोक हेंब्रोम, अर्जुन, दीपक, सोमरा, मंथन, भूषण आदि का सहयोग रहा।

सावन मास की अंतिम सोमवारी पर

## विशेश्वर धाम मंदिर परिसर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** सावन मास के अंतिम सोमवारी को बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के विभिन्न शिवालियों के साथ-साथ ऐतिहासिक विशेश्वर धाम मंदिर परिसर में स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी अहले सुबह श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मंदिर परिसर में पहुंच कर मंदिर परिसर में स्थित उत्तर वाहनी तालाब में स्नान ध्यान कर विशेश्वर धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात शिवलिंग में जलाभिषेक किया। मौके पर आचार्य राजेश कुमार गुरु ने बताया कि ये मंदिर 1964 मे स्थापित की गई थी जो इस क्षेत्र मे जीवतांत मंदिर कहा जाता है इस मंदिर मे जो भी धृड़ इच्छा शक्ति से जो भी मुराद मांगता है वह पूर्ण होता है, वंही विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहती है समय-समय पर पेट्रोलिंग गाड़ी अति रहती है ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कठिनाई का सामना न करना पड़े। आय दिन शाम के समय कथा का आयोजन होते रहता श्रद्धालुओं की भीड़ कथा सुनने के लिए लगी रहती है।

**सावन**

फुसरो में निकाली गई 2 किलोमीटर लंबी कांवर यात्रा

# सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में हर हर महोदव के जयकारों से गुंजायमान रहा



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** फुसरो नगर परिषद के ढोरी बस्ती सौतारडीह स्थित इंद्रपुरी शिव मंदिर से सावन की अंतिम सोमवारी को बाजे गाजे के साथ जल यात्रा निकाला गया। जल यात्रा रामरतन हाई स्कूल फुसरो बाजार होते हुए हिंदुस्तान पुल फुसरो तक गया जहां जल लेकर वापस शिव मंदिर में जलार्पण कर अपने और अपने परिवार सहित क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। जल यात्रा में सैकड़ो पुरुष महिलाएं एवं कन्याएं नाचते गाते हुए चल रही थी। भक्तों ने दामोदर नदी में स्नान करने के बाद भक्तों ने महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। फुसरो मे भोलेबाबा की भक्ति और मस्ती में बाबा भोलेनाथ की जय जय कार करते हुए नाचते गाते पैदल चलते हुए बाबा का जलाभिषेक किया। लगभग 2 किलोमीटर लंबी कावड़ यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवक-युवतियों, बुजुर्ग और बच्चों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। फुसरो बंसत बहार के समीप भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वैभव चौरसिया ने कांवड़ियों का स्वागत किया। हर हर महादेव व बोल बम के जयकारे से गूंजा क्षेत्र। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह, भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह, वैभव चौरसिया, आकाश कर्मकार, दीपक गिरी ,अजय गिरी, संतोष महतो, विश्वनाथ तुरी, त्रिपुरारी महतो, संतोष महतो, महतो, मोती महतो, चमेली देवी, अनिता कुमारी, कविता देवी ,ममता देवी, अंजना देवी, कविता कुमारी ,अन्या देवी, सुप्रिया देवी



योगेश महतो, विनोद महतो, शिबू महतो, राहुल महतो, राकेश आदि सैकड़ो लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत जागेश्वर थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक युवक को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जगेश्वर बिहार रेलवे स्टेशन के निकट गांजा अवैध रूप से बेचा जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान एक युवक को पकड़ा गया, जिसके पास देशी कट्टा बरामद किया गया। युवक सिकंदर रविदास रामगढ़ जिला के बड़गांव का निवासी है। इस संबंध में कांड संख्या 18/23 के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

संपादकीय

# भारत चीन संबंधों की सच्चाई उजागर

दक्षिण अफ्रीका के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ही साफ हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तरफ से जनता को चीन से संबंधों में सुधार का जो दावा कर रहे थे, वह गलत था। दरअसल भारत और चीन एक बार फिर अपनी बातचीत से अपने संबंधों पर बिल्कुल अलग-अलग राय लेकर आए हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पिछले हफ्ते की संक्षिप्त बातचीत का एकमात्र चर्चा बिंदु इस बात पर केंद्रित था कि उनके बीच क्या कहा गया था, जो काफी हद तक एक रहस्य बना हुआ है जैसा कि अनौपचारिक बातचीत का तरीका है - लेकिन यह कैसे कहा गया। विदेश मंत्रालय ने वार्ता पर कोई बयान जारी नहीं किया, हालांकि विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने 24 अगस्त को संवाददाताओं से कहा कि दोनों ने रेखांकित किया था कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का निरीक्षण और सम्मान करना आवश्यक है।



भारत-चीन संबंधों का सामान्यीकरण उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान में ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जिसमें कहा गया है कि श्री शी ने कहा था कि दोनों पक्षों को संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखना चाहिए और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालना चाहिए। चीनी बयान में यह भी कहा गया कि उन्होंने भारत के अनुरोध पर बात की थी, जिसके बाद नई दिल्ली में आधिकारिक सूत्रों ने संवाददाताओं को बताया कि यह चीन ही था जिसने अधिक संरचित द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध किया था, जिसे भारत ने अस्वीकार कर दिया था। दूसरी तरफ भारत और चीन के बीच सैन्य कमांडरों की बैठक सीमा विवाद को लेकर जारी है। जिसकी वजह से गलवान घाटी में हिंसक घटना हुई थी। दक्षिण अफ्रीका में आदान-प्रदान 2020 में एलएसी संकट की शुरूआत के बाद से नेताओं के बीच केवल दूसरी ज्ञात बातचीत थी। एमईए को यह स्वीकार करने में आठ महीने लग गए कि उन्होंने बातचीत में सीमा पर चर्चा की थी, जिसे शुरू में सुखद आदान-प्रदान के रूप में वर्णित किया गया था। नवंबर 2022 में बाली में जी-20 में। भारत ने जी-20 में भी कथित तौर पर स्पष्ट कर दिया था कि वह अधिक संरचित बैठक के लिए इच्छुक नहीं है, हालांकि जैसा कि वीडियो से पता चलता है, यह श्री मोदी ही थे जिन्होंने अंततः पहल की थी श्री शी के साथ बातचीत। यदि मोदी सरकार चिंतित है कि श्री शी के साथ औपचारिक रूप से बात करने से उसे चीन पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ेगा या असामान्य संबंधों पर उसका संदेश कमजोर हो जाएगा, तो यह तर्क कि बातचीत किसी प्रकार की रियायत है या बीजिंग के लिए जीत है, कोई गंभीर बात नहीं है। एक। जो बात अधिक मायने रखती है वह यह है कि संवाद में क्या कहा गया है। वास्तव में, नई दिल्ली में आगामी जी-20 में एक संरचित वार्ता, जिसमें श्री शी के भाग लेने की उम्मीद है, प्रधान मंत्री को स्पष्ट शब्दों में और उच्चतम स्तर पर भारत के रुख को दृढ़ता से रेखांकित करने का अवसर देगा, कि संबंध शांति पर आधारित हैं और रिश्ते का भविष्य चीन द्वारा यथास्थिति बहाल करने और सीमाओं पर भारत के गश्त के अधिकार पर निर्भर है। भारत की अनिच्छा का एकमात्र प्रत्यक्ष कारण चीन के साथ निपटने में सार्वजनिक हित पर सरकार की राजनीतिक प्रकाशिकी को प्राथमिकता देना है, जिसके कारण वर्तमान में सीमा पर जो कुछ भी सामने आ रहा है उस पर अस्पष्टता बनी हुई है। दूसरी तरफ लद्दाख के दौरे पर गये राहुल गांधी ने अलग से मोदी सरकार का ढोल फोड़ दिया है। उन्होंने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में यह बयान दिया कि स्थानीय लोगों के चारागाह वाली जमीन पर अब चीन का कब्जा है। इस बारे में मोदी सरकार ने बार बार चीन के कब्जे का खंडन किया है। भारत और चीन के बीच जारी विवाद के बीच ही अमेरिका भी मौके का फायदा उठाना चाहता है। यही कारण है कि वाशिंगटन जोश के साथ नई दिल्ली का स्वागत कर रहा है। राष्ट्रपति जो बिडेन के पास कई राजनयिक, आर्थिक और सुरक्षा पहलों के माध्यम से इंडो-पैसिफिक में अमेरिका की स्थिति को मजबूत करने की भव्य योजना है, जिसमें दक्षिण एशिया, पूर्वी एशिया और पश्चिमी प्रशांत शामिल हैं। भारत उनकी सफलता या विफलता में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। क्या भारत पर अमेरिका का समर्थन करने का भरोसा किया जा सकता है, यह एक खुला प्रश्न है। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका दरअसल एक व्यापारी देश है, जो सिर्फ अपना फायदा देखता है। पाकिस्तान के मुद्दे पर भी भारत बार बार इसे देख और झेल चुकी है। लिहाजा नरेंद्र मोदी की सरकार को अब सच समझना और बोलना भी चाहिए।

# शोषित, वंचित व पीड़ित वर्ग की आवाज बुलंद करना लेखन का प्रथम दायित्व



तनवीर जाफरी
पत्रकार

कलम के सिपाही के नाम से प्रसिद्ध तथा कहानीकार के रूप में भारतीय समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि -'लिखते तो वे लोग हैं जिनके अंदर कुछ दर्द है,अनुराग है.लगन है विचार है, जिन्होंने धन और भोग विलास को जीवन का लक्ष्य बना लिया है वह क्या लिखेंगे ? मुंशी प्रेमचंद देश की स्वाधीनता से 11 वर्ष पूर्व ही 8 अक्टूबर 1936 को मात्र 56 वर्ष की आयु में ही इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। उनके दौर के पराधीन भारत में निश्चित रूप से लेखनी की जरूरतें कुछ और ही रही होंगी। परन्तु उस समय भी उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से देश के शोषित,वंचित व पीड़ित वर्ग की आवाज बुलंद करने की पूरी कोशिश की। उनकी कहानियों की मार्मिकता उसकी भाषा व शैली ऐसी होती थी कि कोई भी सहृदयी पाठक उन्हें पढ़कर अश्कबार हो जाया करता था। लेखन तो आज भी हो रहा है और मुंशी प्रेमचंद के समय से कई गुना अधिक लेखक आजकल सक्रिय हैं। परन्तु वर्तमान लेखन प्रायः पक्षपात पूर्ण, विद्वेष पूर्ण,पूंजीवाद को बढ़ावा देने वाला,सत्ता की चाटुकारिता करने वाला तथा लेखन जैसे पवित्र व ईमानदाराना पेशे को भी धन और भोग विलास का माध्यम बनाने वाला बनकर रह गया है। पहले जहाँ लेखक एक अलग वर्ग हुआ करता था वहीं आजकल प्रधानमंत्री से लेकर सत्ता से जुड़ा शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा हो जो लेखक बना न बैठा हो। सब का एक ही काम है। या तो प्रधानमंत्री के कसीदे पढ़ना या सत्ता का गुणगान करना। आश्चर्य तो इस बात का है कि जिनलोगों के पास प्रधानमंत्री,मंत्री व राजयपाल जैसे पदों की जिम्मेदारी हो और जनता के करोड़ों रुपए उनपर खर्च होते हों उन्हें लेखन का समय आखिर मिलता ही कैसे है ? परन्तु यह सब कुछ इसी एकमात्र उद्देश्य के तहत किया जा रहा है ताकि सत्ता व सत्ताधीशों के गुणगान के शोर शराबे में शोषित,वंचित व पीड़ित वर्ग की आवाज को दबाने का प्रयास किया जाये।

वास्तविक व जिम्मेदाराना लेखन की जरूरतों को महसूस करते हुये ही शायद मुंशी प्रेमचंद ने लखनऊ में 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के स्थापना सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। उनका मानना था कि ' साहित?यकार का मकसद केवल महफिल सजाना और मनोरंजन का सामान जुटाना नहीं है- उसका दरजा इतना न गिराइये। वह देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सचाई भी नहीं, बल्कि उनके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सचाई है.' उनके दौर में भी साम्प्रदायिकता, नफरत फैलाने और देशवासियों को धर्म व जाति के नाम पर बाँटने का काम कर रही थी। वे इन खतरों के विराट स्वरूप से भी शायद उसी समय बाखबर भी थे।

प्रेमचंद साम्प्रदायिकता को समाज का एक ऐसा कोढ़ समझते हैं जो अपना छोटा सा दायरा बना कर सभी को उससे बाहर निकाल देती है.' उस दौर में प्रेमचंद की बातें आज कितनी प्रासंगिक हैं उनके इन विचारों से पता चलता है। वे कहते थे कि 'साम्प्रदायिकता सदैव संस्कृति की दुहाई दिया करती है. उसे अपने असली रूप में निकलते शायद लज्जा आती है, इसलिए वह संस्कृति का खोल ओढ़कर आती है। हिन्दू अपनी संस्कृति को कयामत तक सुरक्षित रखना चाहता है, मुसलमान अपनी संस्कृति को। दोनों ही अभी तक अपनी-अपनी संस्कृति को अछूती समझ रहे हैं। यह भूल गए हैं, कि अब न कहीं मुस्लिम संस्कृति है, न कहीं हिन्दू संस्कृति और न कोई अन्य संस्कृति। 'अब संसार में केवल एक ही संस्कृति है, और वह है आर्थिक संस्कृति ...'इसी तरह संस्कृति और धर्म के घालमेल को लेकर भी उनका मत स्पष्ट था। वे कहते थे , 'संस्कृति का धर्म से कोई संबंध नहीं। आर्य संस्कृति है, ईरानी संस्कृति है, अरब संस्कृति है लेकिन ईसाई संस्कृति और मुस्लिम या हिन्दू संस्कृति नाम की कोई चीज नहीं है...'मुंशी प्रेमचंद की मानवतावादी सोच को आगे बढ़ाने वाले व उन्हीं के द्वारा सिंचित 'प्रगतिशील लेखक संघ' का तीन दिवसीय 18 वां राष्ट्रीयअधिवेशन पिछले दिनों मध्य प्रदेश की 'संस्कारधानी ' के नाम से प्रसिद्ध हरी शंकर परसाई के शहर जबलपुर में संपन्न हुआ। देश के लगभग सभी प्रांतों से आये हुए लेखक,चिंतक,विचारक,कवि व कलाकारों ने इस अवसर पर देश के समक्ष मौजूद साम्प्रदायिकता,जातिवाद व पूंजीवाद जैसी चुनौतियों के प्रति अपनी गहन चिंता व्यक्त की। संघ के सदस्यों ने जबलपुर घोषणा पत्र जारी किया जिसमें स्वाधीनता आंदोलन द्वारा संजोयी गई संविधान संरक्षित समता, समानता और धर्मनिरपेक्ष जनतंत्र के मूल्यों को बचाने का संकल्प लिया। अधिवेशन में शायद ही कोई वक्ता ऐसा रहा हो जिसने साम्प्रदायिकता की आग में जलते हुए मणिपुर और हरियाणा के मेवात के नूह क्षेत्र में फैलाई गयी साम्प्रदायिक हिंसा का उल्लेख न किया हो।'प्रगतिशील लेखक संघ' ने घोषणा पत्र में हिंदुत्ववादी राजनीति के पूंजीवादी संस्थानिक और निगमीय शक्तियों के साथ बन चुके सीधे गठबंधन पर भी अपनी गहन चिंता जताई। देश की अस्सी करोड़ से अधिक जनता न्यूनतम जीवन यापन सुविधाओं के लिए संघर्षरत है। शिक्षा एवं चिकित्सा संबंधी दायित्वों से राज्य ने अपना पल्ला झाड़ लिया है। संविधान द्वारा संकल्पित कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का परित्याग कर समूचे देश को एक व्यावसायिक परियोजना में तब्दील किया जा रहा है। न्यायिक व चुनाव आयोग सरीखी अन्य संवैधानिक संस्थाओं को निशाने पर लेकर उन्हें कमजोर किया जा रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बड़े हिस्से को निष्प्रभावी और पालतू बनाया जा चुका है। सोशल मीडिया भी अब कड़े नियंत्रण में है। साम्राज्यवादी विश्व व्यवस्था का अनुगमन कर वैकल्पिक तथा स्वतंत्र नीतियों वाले राज्य की भूमिका का परित्याग कर दिया गया है। और इन सब मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिये गोरक्षा, लव जेहाद, हिजाब, गंगा, गीता सरीखे भावनात्मक मुद्दों को उछाला जा रहा है। समाज को धर्म, जाति व निजी विश्वासों के आधार पर विभक्त करने के सारे हथकंडे अपनाये जा रहे हैं, जिस पर सत्ता की तरफ से कोई अंकुश तो दूर, प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन ही नजर आता है। असहमति और प्रतिरोध की आवाजों को अर्बन नक्सल टुकड़े टुकड़े गैंग,अवार्ड वापसी गैंग सरीखे नकारात्मक नामों से लांछित करते हुए उनके बारे में तमाम झूठ फैलाए जा रहे हैं।

जिस तरह शोध संस्थाओं, उच्च शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों आदि में ज्ञानार्जन व स्वतंत्र बौद्धिक संवाद का वातावरण प्रदूषित कर उन्हें संकीर्ण, एकल प्रभुत्ववादी सोच में ढालने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही भारतीय समाज की बहुभाषी, बहुलतावादी व समावेशी संस्कृतिक सम्पदा की अनदेखी कर उसे एकांगी बनाया जा रहा है। बुद्ध, बसवन्ना और कबीर की परंपरा को मिटाया जा रहा है। गांधी, नेहरू व अम्बेडकर सरीखे राष्ट्र नायकों की छवि को संदर्भ च्युत कर धूमिल किया जा रहा है। ऐसे में निःसंदेह शोषित ,वंचित व पीड़ित वर्ग की आवाज बुलंद करना साहित्य लेखन का प्रथम दायित्व बन जाता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस (२९ अगस्त) पर विशेष

# हॉकी के जादूगर थे मेजर ध्यानचंद



योगेश कुमार गोयल
बरिष्ठ पत्रकार

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।

**उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।**

1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूनार्मेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए।

दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरूबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया।

# लहरों से डरना नहीं

प्रेरक प्रसंग



एक समय की बात है, एक महात्मा नदी किनारे खड़े होकर प्रकृति को निहार रहे थे। कल-कल नदियों का बहना, ठण्डी-ठण्डी हवाएं और पेंड के पत्तों का झूमना, बहुत ही आनंदमय वातावरण था।
दूर कहीं पर्वत पर काले बादल छाए हुए थे, और मन को तृप्त कर देने वाला शांतमय वातावरण था।
तभी उन महात्मा के पास एक शिष्य आया, उस शिष्य के मन में कुछ सवाल था। वह जिज्ञाषा से भरा हुआ था, अपने जिज्ञासा को दूर करने के लिए शिष्य ने महात्मा से पूछा गुरूजी, आप जिस प्रकार इस भूमि में चल सकतें है, उसी प्रकार इस पानी पर भी चल सकते हैं।
परन्तु जब हम पानी पर चलने जाते है, तब डूबने लगते है, ऐसा क्यों गुरूजी।
गुरूजी शिष्य से बोले की जिसके हृदय में श्रद्धा, निष्ठा है, और अपने गुरु या पूज्य के प्रति विश्वास है, वह एक नाव के सामान इस पानी पर चल सकता है, वह डूबेगा नहीं।
गुरूजी की इन बातों को सुनकर शिष्य बोला गुरूजी, मेने जबसे आपको देखा है, तबसे मेरे दिल में आपके लिए श्रद्धा है।
मुझे भी पूरा विश्वास है, और आप ही की तरह मै भी आस्थापूर्ण हूँ।
तब गुरूजी बोले मेरे साथ आओ शिष्य और हम दोनों मिलकर इस पानी पर चलते हैं।
गुरूजी पानी पर चलने लगें, पीछे-पीछे शिष्य भी पानी पर चलने लगा।
कुछ दूर चले ही थे की अचानक एक लहर उठी, गुरूजी उस लहर पर चलने लगे, परन्तु शिष्य उस लहर को देख घबरा गया और छटपटाते हुए पानी में डूबने लगा, उसने चिल्लाया गुरूजी-गुरूजी बचाओ।
गुरूजी ने उसे बचाया फिर उससे पूछा की शिष्य क्या हुआ शिष्य भय से बोला, गुरूजी जब मैने लहरों को देखा तो ऐसा लगा मानो वह मुझे निगल जायेगा और मै पूरी तरह डर गया।
गुरूजी बोले अफसोस मेरे बच्चे, तुमने लहरों को तो देखा, मगर लहरों के उस स्वामी को नहीं देखा जो हमेसा मदद के लिए तैयार रहता है।

जानकारी

# मणिमहेश झील



मणिमहेश झील हिमाचल प्रदेश में प्रमुख तीर्थ स्थान में से एक बुद्धिल घाटी में भरमौर से 21 किलोमीटर दूर स्थित है। झील कैलाश पीक (18,564 फीट) के नीचे13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। हर साल, भाद्रपद के महीने में हल्के अर्द्धचंद्र आधे के आठवें दिन, इस झील पर एक मेला आयोजित किया जाता है, जो कि हजारों लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है, जो पवित्र जल में डुबकी लेने के लिए इकट्ठा होते हैं। लाहौल-स्पीति से तीर्थयात्री कुगति पास के माध्यम से आते हैं। कांगड़ा और मंडी में से कुछ कवारसी या जलसू पास के माध्यम से आते हैं। सबसे आसान मार्ग चम्बा से है और भरमौर के माध्यम से जाता है । वर्तमान में बसें हडसर तक जाती हैं । हडसर और मणिमहेश के बीच एक महत्वपूर्ण स्थाई स्थान है, जिसे धन्चो के नाम से जाना जाता है जहां तीर्थयात्रियों आमतौर पर रात बिताते हैं

# iPhone की मैन्युफैक्चरिंग का मेगा बेस बनाने की तैयारी में Apple

साइबर दुनिया



नई दिल्ली: दुनिया भर में लोकप्रिय iPhone बनाने वाली अमेरिकी कंपनी Apple ने भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी ने चीन में अपनी मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हिस्सा भारत में शिफ्ट करने की तैयारी की है। हाल ही में एपल ने भारत में दो रिटेल स्टोर्स भी खोले थे। इन स्टोर्स को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।
एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एपल की योजना देश में स्मार्टफोन्स के पार्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की भी है। हाल ही में कंपनी के सीनियर एग्जिक्यूटिव्स ने फाइनेंस मिनिस्ट्री के अधिकारियों के साथ एक मीटिंग में अपनी योजना की जानकारी दी थी। इस मीटिंग में सप्लाई चेन को समझने और आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग में देश में बने कंपोनेंट्स का अधिक इस्तेमाल करने पर फोकस किया गया था। केंद्र सरकार इसके लिए कंपनी को टैक्स इंसेंटिव नहीं देना चाहती। इसके बावजूद एपल देश में इनवेस्टमेंट बढ़ाने में दिलचस्पी रखती है। एपल के सप्लायर्स की बड़ी संख्या चीन में है और कंपनी चीन पर अपनी निर्भरता को घटाने की योजना बना रही है।
एपल ने 2017 में भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग की शुरूआत की थी। कंपनी को आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग का लगभग सात प्रतिशत देश से मिलता है। आगामी वर्षों में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ने की संभावना है। देश में इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव जैसी योजनाएं शुरू की गई हैं। इस योजना का फायदा उठाने के लिए सैमसंग और एपल जैसी बड़ी स्मार्टफोन कंपनियों ने भारत में इनवेस्टमेंट बढ़ाया है। आगामी iPhone 15 का भारत में प्रोडक्शन शुरू किया जा रहा है। इससे एपल के चीन के मुख्य मैन्युफैक्चरिंग बेस और भारत में मैन्युफैक्चरिंग के बीच अंतर को घटाया जा सकेगा। एपल के लिए कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग करने वाली Foxconnकी तमिलनाडु के श्रीपेरुमबुदुर की फैक्टरी में नए स्मार्टफोन्स की सप्लाई चीन मे कंपनी की फैक्टरियों से इनकी डिलीवरी के कुछ सप्ताह बाद करने की तैयारी की जा रही है।

टॉप ट्वीट



"हम एक साथ मिलकर उज्जवल भारत के लिए लोकतंत्र और प्रगति के मूल्यों का समर्थन करना जारी रखेंगे।"
ममता बनर्जी
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



"क्या आप अपना दिमाग उड़ाने के लिए तैयार हैं? सेक्शन 108 का नवाज और रेजिना के लीड में घोटाले का बम फोड़ता है। टीजर लाइव अपना पॉपकॉर्न ले आएं और लाइफटाइम स्कैम की राइड के लिए तैयार हो जाएं। "
नवाजुद्दीन सिद्दीकी
बॉलिवुउ अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## बच्चों को अवसाद से मुक्ति मिले

शिक्षा के क्षेत्र में बालमन की जिन दुविधाओं से गुजर रहा है उसका उचित समाधान जरूरी है। इस क्षेत्र में बड़ी प्रतिस्पर्धा है। देश की कई बड़ी परीक्षाएं विद्यार्थी कड़ी मेहनत से पास करके अपना भविष्य उज्जवल करते हैं। डिग्रियों के लिए जितनी बड़ी प्रतिस्पर्धा हैं उतनी ही कठिन परीक्षाएं भी जहां बड़े आत्मविश्वास और कड़े संयम की जरूरत है लेकिन अफसोस कि विद्यार्थी यहां घबराकर आत्मघात जैसे कदम उठा लेते हैं जो मां बाप की उम्मीदों पर भी कुठाराघात है। कोटा जैसे शैक्षणिक हब में पिछले 8 महीनों में 21 विद्यार्थियों के इस तरह के कदम इस बात का पुख्ता प्रमाण भी है कि विद्यार्थियों पर पढ़ाई के साथ ही मां-बाप की उम्मीदें भी उन्हें प्रभावित करती है। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित कई ऐसे क्षेत्र हैं जो प्रतिष्ठा के साथ ही अच्छी कमाई के जरिए भी है। यही वजह है कि विद्यार्थी अपनी योग्यता के अनुसार इन क्षेत्रों का चयन करता है।प्रतियोगिता के क्षेत्र में कड़ी स्पर्धा होने के कारण कठिन परिश्रम की बड़ी जरूरत होती है। संयमित विद्यार्थी दिन रात एक कर के परीक्षा पास कर लेते हैं लेकिन जरा से भी कमजोर विद्यार्थी इसका दबाव सहन नहीं कर पाते और अवसाद में जाकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते है। शैक्षणिक हब बन चुके कोटा राजस्थान में पिछले 8 महीनों में 21 विद्यार्थियों ने इस तरह का कदम उठाकर प्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाया है। आखिरकार क्या वजह है कि प्रतिभा संपन्न विद्यार्थी भी इस दहलीज पर घातक कदम उठा लेते हैं? मौत को गले लगा रहे विद्यार्थी हमारे देश और समाज के लिए किसी ने किसी तरह सेवक ही साबित होते ही हैं। सरकार को चाहिए कि इन मामलों को गंभीरता से लें ताकि कल कोई फिर कोई होनहार मौत को गले न लगाए।

अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### प्रखंड समन्वयक को सौंपा अमृत कलश

**बड़कागांव:** विधिक सेवा सशक्तिकरण सह परिसंपत्ति वितरण शिविर में जिला कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश शंभू लाल साहू, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे एवं मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार द्वारा अमृत कलश को उपप्रमुख सह नेहरू युवा केंद्र के बड़कागांव प्रखंड से समन्वयक वचनदेव कुमार को सौंपा गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### दो दिवसीय इंटर बीएड कॉलेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप शुरू

**हजारीबाग :** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में सोमवार को इंट्राम्यूरल कंपीटिशन के तहत दो दिवसीय इंटर बीएड कॉलेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप शुरू हो गया। उद्घाटन मैच में गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज मुकुंदगंज हजारीबाग और रामशोभा बीएड कॉलेज ऑफ एजुकेशन रामगढ़ अपने-अपने मैच में विजयी हुए। इन्हीं दो टीमों के बीच मंगलवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच तीन-तीन मैच खेले जाएंगे। टूनार्मेंट में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग की 11 टीमों को आमंत्रित किया गया था। इससे पहले गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने एसबीएम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज को तीन सेट में 2-1 और रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने रामकृष्ण शारदा आश्रम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज हजारीबाग को 2-0 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि उज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह और गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने विशिष्ट अतिथि के रूप में टूनार्मेंट का शुभारंभ किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जनभावना फाउंडेशन ने हेल्थ केयर व बालिका समृद्धि योजना पर की चर्चा

**बरही:** हजारीबाग जिले के बरही गया रोड स्थित ओम पैलेस में जन भावना फाउंडेशन संस्थान के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था का सीएमडी संजय कुमार सिंह, कंट्री हेड विनय कुमार, जोनल हेड सदाशिव लाल वर्मा, हजारीबाग जिला हेड बैजनाथ प्रसाद यादव, कोडरमा जिला हेड तुलसी प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जहां सीएमडी को बुके एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जोनल हेड सदाशिव लाल वर्मा एवं संचालन जिला हेड कोडरमा तुलसी यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित जन भावना फाउंडेशन के पंचायत हेड एवं ब्लॉक हेड को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह ने कहा कि समाज के लिए जनजागरुकता का कार्य करते हुए हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। हेल्थ केयर कार्ड के बारे में बताया गया कि एक व्यक्ति प्रत्येक वर्ष 115 रुपए अपने पंचायत हेड के पास जमा करके जन भावना फाउंडेशन का सदस्य बनकर निशुल्क स्वास्थ्य संबंधित समुचित लाभ पंचायत में जनभावना फाउंडेशन के शिविर के माध्यम से लाभ ले सकते हैं। एवं बालिका समृद्धि योजना में 0 से 4 वर्ष तक की बालिका को 1लाख एक हजार रुपए, 5 से 9 वर्ष की बालिका को 81 हजार 10 से14 वर्ष तक की बालिका को 51हजार रुपए 315 रूपए वार्षिक शुल्क देय पर 18 वे वर्ष में बालिका उक्त राशि के अनुरूप जन भावना फाउंडेशन के माध्यम से सामग्री ले सकते हैं। मौके पर बरही ब्लॉक हेड विजय कुमार, कृष्णा यादव, चौपारण ब्लॉक हेड राजेश कुमार दास, इचाक ब्लॉक हेड अरुण शर्मा, चालकुशा ब्लॉक हेड शिवकुमार साव सहित विभिन्न पंचायत हेड महिला पुरुष शामिल हुए।

**नियुक्ति पत्र** बीएसएफ मेरू कैंप में 212 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

# केंद्र की प्राथमिकता रोजगार सृजन: अन्नपूर्णा

- राष्ट्र को सबल बनाने का कार्य किया जा रहा है
- नियुक्ति पत्र देने की शुरूआत 22 अक्टूबर 2022 से की गई थी




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2022 से देश के 10 लाख युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम रोजगार मेला के 08वें चरण में सोमवार 28 अगस्त 2023 को 51106 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। देश के हर प्रान्त के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने की शुरूआत 22 अक्टूबर 2022 से की गई थी। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत देश के सभी राज्यों से चुनें गए नए कमीयों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब इन्सपेक्टर (जनरल ड्यूटी) एवं नॉन जनरल ड्यूटी कैडर जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्ति किया गया । एवं रोजगार के अवसर प्रदान कर राष्ट्र को सबल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 अगस्त 2023 को प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें महानिरीक्षक दानियल अधिकारी, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र व श्री देवी सरन सिंह, उप महानिरीक्षक (प्रशा0), प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, हजारीबाग द्वारा मुख्य अतिथी के रूप में पहुची माननीय श्रीमति अन्नपूर्णा देवी, शिक्षा राज्य मन्त्री, भारत सरकार का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया इसके उपरांत उन्हे परिसर स्थित शान-ए-मगध अतिथी गृह में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए संबोधित कर की, जिसमें उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को कहा कि उन्हे राष्ट्र सेवा का यह सुअवसर प्राप्त हुआ है, आप अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करे एवं अपने राष्ट्र को गौरवान्वित करें। उन्होंने ने कहा कि नवनियुक्त कर्मियों को कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के वर्चुअल सम्मेलन से सभी अभ्यर्थी उत्साहित दिखाई दिये। मुख्य अतिथी अन्नपूर्णा देवी, शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार द्वारा झारखण्ड एवं बिहार राज्य के केन्द्रीय सुरक्षा बलों में चयनित कुल 212 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर चेयरमैन जिला उमेश प्रसाद मेहता परिषद, हजारीबाग, मिडीया से संबधित पदाधिकारी, बीएसएफ सीआरपीएफ आईटीबीपी एसएसबी के अधिकारीगण, चयनित अभ्यर्थी व उनके माता पिता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

## पांच दिवसीय झूलन महोत्सव प्रारंभ



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड:** पीरटांड प्रखंड के पालगंज स्थित श्री वंशीधर मंदिर मे रविवार से पांच दिवसीय झूलन महोत्सव प्रारंभ किया गया। यहां यह बता दें कि पिछले साढ़े छः सौ सालों से यहां झूलन महोत्सव आयोजित होते आ रहा है। जिसके तहत श्रावण शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक यह महोत्सव मनाया जाता है। झूलन के प्रारंभ में एकादशी को रात्रि जागरण एवं समापन पूर्णिमा के दिन भी रात्रि जागरण किया जाता है। वहीं प्रत्येक दिन भगवान श्री बंशीधरजी महाराज सिंहासन को छोड़कर रात्रि 8 बजे से रात्रि के 12 बजे तक झूलन में विराजमान होकर झूला झुलते है। महंत शिशिर भक्त ने बताया की झुलन महोत्सव वर्षो से मनाते आ रहे है। नित्यदिन प्रभु का पूजन करने के उपरांत पूरे दिन मंदिर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। ओर रात्रि में भजन मंडली द्वारा भजन का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शरत चंद्र भक्त, ग्रीष्म भक्त, निकुंज केतन भक्त, विपुल वत्सल, भुवनबल्लभ भक्त, भागवत भक्त, चरीत्र केतन भक्त, प्रिंश प्रियांशु, पियू पार्थ, धीरज राम, पवन कुमार मंदिलवार, केशव भक्त, बप्पी लाहकर सहदेव पंडित सहित कई लोग शामिल थे।

चुनाव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए रामगढ़ डीएफओ

## प्रेस क्लब चुरचू का चुनाव सह सम्मान समारोह संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**चरही:** चरही चुरचू प्रखंड प्रेस क्लब का चुनाव सह सम्मान समारोह सोमवार को सीसीएल ऑफीसर्स क्लब में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ डीएफओ नीतीश कुमार उपस्थित हुए इसके अलावा चुरचू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि भूषण सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। चुरचू प्रेस क्लब के चुनाव सह सम्मान समारोह की शुरूआत सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। जीसके बाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा आए हुए अतिथियों डीएफओ रामगढ़, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुलिस इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी चरही,थाना प्रभारी चुरचू, थाना प्रभारी अंगों तथा चुरचू चिकित्सा प्रभारी को सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब चुरचू प्रखंड के चुनाव में बतौर पर्यवेक्षक अधिवक्ता हजारीबाग बार काउंसिल अमित मिश्रा तथा चुनाव अधिकारी परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही पारसनाथ महतो उपस्थित थे। जिनकी देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। प्रेस क्लब चुरचू के अध्यक्ष रणदीप दुबे चुने गए, सचिव विजय दास तथा कोषाध्यक्ष रणजीत सिन्हा को चुना गया। संरक्षक कामाख्या नारायण सिंह महामंत्री आनंद सोरेन इसके अलावा अन्य पदाधिकारीयों में उपकोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल अंसारी, उपाध्यक्ष अर्जुन टुडू, संजय मुर्मू, मनोज कुमार, सह सचिव मकबूल अंसारी, फराज करीम, मीडिया प्रभारी साजिद अहमद, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार सिंह, नितेश कुमार माली, रमेश टुडू, सतीश कुमार, को चुना गया। चुनाव कार्यक्रम में बरही के भी पत्रकारों ने हौसला अफजाई के लिए अपनी उपस्थिति दी।

## आपसी समन्वय से संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारें: नैंसी सहाय



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** उपयुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों यथा मनरेगा, स्वास्थ्य, आपूति, पेयजल, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्रदत्त सेवाएं, भवन, विद्युत, आदि की आपसी समन्वय से हो रहे कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजना, कार्यक्रम आपसी समन्वय के कारण विलंब न होने पाये तथा योजना ससमय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों में आपसी विभागीय समनव्य से बेहतर परिणाम प्राप्त करने, योजनाओं के ससमय धरातल पर उतारने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि आम जनता के द्वारा कई तरह के प्रमाण पत्र हेतु आवेदन सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के पास आवेदन किये जाते हैं जिसको अधिकारी यथासंभव अपने स्तर से निष्पादन का प्रयास करें। अपने स्तर पर मामले को लंबित न रखें तथा स्वयं से नियमानुसार निर्णय करते हुए संबंधित मामले का समाधान स्टेटस से वरीय अधिकारियों सहित आवेदकों को भी अवगत करायें। मौके पर जिले में जर्जर बिजली के तारों, पोल आदि से आमजनों को दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर वन विभाग एवं विद्युत विभाग को आपसी समन्वय बनाकर कर वृक्ष के डालियों की छटनी में आवश्यक सहयोग कर जर्जर तार व पोल आदि की मरम्मति सुनिश्चित करें।

## छह लाख की ठगी मामले में एक को भेजा जेल

राष्ट्रीय खबर

**इचाक:** इचाक अनीता देवी पति संतोष कुमार बरियठ निवासी नेता थाना में आवेदन देकर निम्न व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है जिसमें आवेदन में लिखा है कि 20 मार्च को मेरा फुफेरा भाई रामजय प्रसाद पिता चन्द्रिका महतो ग्राम जोगिडीह मेरे घर आया और बोला कि मुझे बीस हजार की आवश्यक्ता है। तो मैं नेहा देवी नगवां की रहने वाली हूं ।उससे मैं बीस हजार रूपया दिनांक 24 मार्च 2023 को दिलवाई उसके बाद उसने बोला कि आपके पुत्र आदित्य कुमार एवं पुत्री संजू कुमारी को पुलिस विभाग में एवं गायत्री देवी एवं मुझे ब्लाक में नोकरी दिलवाने की बात कही कि आपलोग बीस लाख मुझे दीजिए मैं चारो को सरकारी नोकरी दिलवा दूंगा।

उसके बाद मैंने रामजय एवं उसके पुत्र घनश्याम एवं अनिल कुमार ग्राम बिहारी पदमा थाना एवं फैजल किंग बिहार का रहने वाला को थोड़ा-थोड़ा करके छः लाख रूपया अभी तक भुकतान कर चुकी हूँ परन्तु आज तक ना तो किसी का नोकरी लगाया है और न ही रकम वापस किया है एवं वह हमें फर्जी जोइनिंग लेटर और गलत कागज दिखाकर और पैसा ठगा है। एवं जब हम अपना पैसा की मांग करती हूँ तो उल्टा गाली गलोज कर मारपीट का धमकी देता है जिससे हमलोग काफी भयभीत हैं।

**समाजसेवा** गोंदलपुरा खनन परियोजना का सीएसआर के तहत जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के नए मरीजों को दिया पोषण किट

- इससे पहले टीबी के गोद लिए गए 60 मरीज हो चुके हैं स्वस्थ
- हजारीबाग की उपायुक्त कर चुकी हैं सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन सभी मरीजों को तीसरे चरण का पोषण किट प्रदान किया गया। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत पोषक आहार किट पाकर टीबी मरीज उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है, जो बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पोषण युक्त भोजन करने से यह बीमारी जल्द ठीक हो जाती है। इसलिए पोषण युक्त आहार लेना बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है, इसलिए इसे छिपाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। इस मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।इससे पहले हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय बीते दिनों अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे को टीबी के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। अदाणी फाउंडेशन की ओर से मरीजों को अगले छह महीनों तक के लिए पोषण किट प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में लगातार सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों की सराहना की गई थी।

## न्यूज फटाफट

### काजल कुमारी का चयन एसएससी जीडी कांस्टेबल बीएसएफ में




**इचाक :** इचाक रोजगार मेला, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय मेरु, हजारीबाग में हमारी कुरहा गांव की बेटी काजल कुमारी, पिता सुरेन्द्र प्रसाद मेहता, माता चिंता देवी का चयन एसएससी जीडी कांस्टेबल बीएसएफ में हुआ। मुखिया संगीता देवी ने कहा कि अपने और पूरे पंचायत वासियों के तरफ से काजल कुमारी और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई देती हूं और साथ ही नमन करती हूं कि आप अपने वीर सुपुत्री को इस भारत माता के सेवा के लिए गर्व से एक कदम आगे पहुंचाया है ।आपकी सोच से लोगो में अपने बच्चो को पढ़ने लिखने में एक अलग ऊर्जा आयेगी जो हमारे गांव का और देश का नाम रौशन करेगी आज मुझे अपने गांव व पंचायत के मुखिया होने पर गर्व हो रहा है ।बधाई देने वाले में सांसद अन्नापूर्णा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार उर्फ जोधन मेहता, करीमाटी मुखिया चंदन मेहता भाजपा नेता मुनेंद्र मेहता समेत कई लोग हैं।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच बकरे का वितरण



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच बकरे का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर चंदेश्वर प्रसाद तथा डॉक्टर सरोज कुमार ने बताया कि सभी बकरा विमित कराकर लाभुकों को अनुदानित पर उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक लाभुक को चार बकरी तथा एक बकरा दिया गया है। डॉक्टर ने बकरे की दी जाने वाली दवा को उपलब्ध कराते हुए दवा देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने कहा कि बकरे का देखभाल अच्छा से करें। इसे रोजगार के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे लोग आत्मनिर्भर हो सकते हैं।वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, मुखिया उत्तम कुमार महतो तथा पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश पटेल मीडिया प्रभारी जीवन सोनी के अलावे लाभुक जितनी देवी, सुनीता देवी, नसरुद्दीन अंसारी, ललिता देवी, अघनु मरांडी, राजेश कुमार, पार्वती देवी, छोटकी देवी, मोनिका देवी, मूटरी देवी अलावे कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### रेस्टोरेंट का विधायक मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन



**हजारीबाग:** दीपू गढा हाईटेक नर्सरी के अपोजिट में पार्क व्यू रेस्टोरेंट का उद्घाटन पूजा अर्चना कर व पिता काटकर सदर विधायक मनीष जायसवाल,जिप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं बटेश्वर मेहता के द्वारा किया गया। विधायक मनीष जायसवाल कहा कि इस प्रतिष्ठान में स्वच्छ एवं शुद्ध खाने की व्यवस्था सस्ते दरों पर है । संचालक अलोंजा गांव निवासी मनीष कुमार ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में दर्जनों प्रकार के वैरायटी का खाने पीने का आइटम वेज एवं नॉन वेज स्वच्छ साफ सुथरा उचित दरों पर व्यवस्था है। साथ ही रात व दिन में ठहरने के लिए एसी रूम भी बुकिंग कर सकते हैं ।बोंगा पंचायत मुखिया उमेश मेहता, राजेंद्र मेहता, सुनील मेहता, छोटन मेहता, कुसुम देवी रूबी कुमारी ,तेश कुमार, नगर निगम वार्ड परिषद कोडरमा नीलकंठ मेहता, रमेश हेंब्रम ,कैलाश मेहता ,मूर्ति मेहता, रोहित मेहता सुमेंत कई लोग मौजूद रहे।

### नि:शुल्क सामान्य रोग शिविर का 145 मरीजों ने उठाया लाभ

**हजारीबाग:** हजारीबाग के एकलौते निजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा सोमवार को हॉस्पिटल परिसर में ही एक दिवसीय नि:शुल्क सामान्य रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कुल 145 समान्य रोगियों ने पहुंचकर इस कैंप का लाभ उठाया। कैंप में आरोग्यम हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सक डॉ.महिपाल सिंह, डॉ. राठौड़ प्रभाकर और डॉ.रवि रंजन ने समान्य रोगियों का इलाज किया और उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। कैंप में न्यूमोनिया, ह्रदय रोग, मलेरिया, टाइफाइड, डायरिया, एलर्जी, छाती में दर्द, सांसों का फूलना, कमर दर्द, घुटना दर्द, दमा, शुगर, बार बार पेशाब आना, ज्यादा प्यास लगना, भोजन करने के बाद तुरंत भूख लगना, अत्यधिक थकावट महसूस होना, अचानक वजन कम होना, घाव का देरी से भरना, हाथ पैर में झुनझुनी होना, धुंधली दृष्टि होना, मसूड़ों में घाव होना, मतली और उल्टी समेत अन्य प्रकार के बीमारियों से संबंधित मरीज पहुंचे। जरूरतमंद मरीजों का अस्पताल की ओर से मुफ़्त में ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन, बीपी और पल्स की जांच भी की गई। कैंप के सफल आयोजन पर हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया की रोगियों को रोगों के कारण, लक्षण और बचाव से संबंधित जागरूक करना और उन्हें स्वास्थ्य जीवन में मदद करना हमारे कैंप संचालन का मुख्य उद्देश्य है। इसी ध्येय के साथ आरोग्यम हॉस्पिटल परिवार लगातार नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन कर अपने सामाजिक दायित्व को भी निभा रहा है।ॅस्पिटल की एडमिस्ट्रेटर जया सिंह ने कैंप के सफलता पर खुशी जताते हुए बताया की आरोग्यम हॉस्पिटल के नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों में लगातर बढ़ते मरीजों की संख्या यह बताती है की लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहें हैं और हमारा निरंतर प्रयास सफल हो रहा है।

### मुआवजा को लेकर सरकार से लगायी गुहार : सुनीता

**इचाक :** हाथियों से फसलों को हुये नुकसान का जायजा लेने पूर्व विधायक जानकी यादव एवं मुखिया सुनीता देवी इचाक पहुंची। ज्ञात हो कि बीती रात हाथियों का झुंड उजराही एवं डिग्धी बस्ती में प्राथमिक विद्यालय का गेट दरवाजा तोड़कर मध्यान भोजन का चावल खा गया सभी घरों में भगदड़ मच गया बहुत मशक्कत के बाद सिपाही महेश राम एवं विद्या भूषण सहित ग्रामीण जनता एवं हाथी भागने वाले एक्सपर्ट के सहयोग से जंगल की और हाथियों को खदेड़ा गया तत्पश्चात देर रात फिर दिघी बस्ती में हाथियों का झुंड पहुंचकर लाखों रुपए के चार दिवारी एवं दर्जनों लोगों का खेती का नुकसान हाथियों के द्वारा किया गयापूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने सरकार एवं वन विभाग से नुकसान हुए किसानों को खेती का उचित मुआवजा मिले इन्होंने मांग किए।

प्रदेश >> अपडेट

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पलामू :** श्रावण मास के अंतिम सोमवारी के अवसर पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी ।इस दौरान श्रद्धालुओं ने अलग-अलग शिवालयों में भगवान शिव का पूजा अर्चना और जलाभिषेक किया ।सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही ।इस दौरान श्रद्धालु महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

## कार्डधारियों के बीच धोती,साड़ी व लुंगी का वितरण जारी

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सोना-सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण जारी है ।मिली जानकारी के अनुसार हरिहरगंज प्रखंड के अररुआ खुर्द, कुलहीया,डेमा ,बेलोदर , सेमरबार,खड़गपुर,सरसोत,सलैया, ढकचा आदि पंचायतों में लाभुकों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण जारी है। जबकि पिपरा प्रखंड के सरैया , तेंदुई ,मधुबाना सहित सभी 6 पंचायतों में इस योजना के लाभुकों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ पंचायत के प्रतिनिधियों की भागीदारी देखी जा रही है। विदित हो कि झारखंड सरकार के द्वारा अपने महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन के साथ ही अनुदानित दर पर सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध कराई गई है। जिसका लाभ बीपीएल कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपये में धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया जा रहा है। मालूम हो कि बीते दिनों आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर पीडीएस डीलरों को अविलंब धोती साड़ी और लूंगी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

प्रवेश परीक्षा

### कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 25 अगस्त से बढ़ा कर

# जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जवाहर नवोदय विद्यालय तेलिया पोखर व जवाहर नवोदय विद्यालय सीलमपुर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 25 अगस्त से बढ़ा कर 31 अगस्त कर दी गई है। छात्र प्रवेश परीक्षा के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वहीं आवेदन करने वाले छात्रों का प्रवेश के लिए 20 जनवरी 2024 को चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने छात्रों से तय तिथि तक आवेदन करने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय भारत सरकार द्वारा संचालित विद्यालय है। यह विद्यालय पूर्णतः आवासीय है ।इस विद्यालय में अपने ही जिले के कक्षा 5 में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए है जिनकी आयु 01/05/2012 से 31/07/2014 की बीच है। वो ऑनलाइन आवेदन दे सकते है ।विद्यार्थी किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 3, 4 व 5 में अध्ययन किया हो ।

आवेदन के पात्र है। कक्षा 6 से 12वी तक निःशुल्क शिक्षा तथा सर्वांगीण विकास किया जाता है। बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में सह-शैक्षिक तथा पूर्णतः आवासीय, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा, सीबीएसई से सम्बद्ध, छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग आवास की सुविधा, भोजन, आवास, गणवेश, पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी आदि के साथ निःशुल्क शिक्षा, सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतू पाठ्य सहगामी गतिविधिया, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, योग आदि गतिविधियां करवाई जाती हैं। तेलिया पोखर में नामांकन के लिए पाकुड़िया महेशपुर व पाकुड़ के अभ्यर्थी 7004473597 पर संपर्क कर जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं सीलमपुर में नामांकन के लिए लिट्टीपाड़ा हिरणपुर अमड़ापाड़ा के अभ्यर्थी 8541805455 पर संपर्क कर अधिक जानकारी हासिल कर सकते हैं।

न्यूज फटाफट

## श्याम यादव ने किक मारकर किया फुटबॉल मैच का शुभारम्भ



**पाकुड़ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत चेंगाडांगा पंचायत के कान्हूपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित फुटबॉल फाइनल खेल का किक मारकर शुभारम्भ किया। विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया। श्री यादव के आगमन पर स्थानीय लोगों ने आदिवासी परंपरानुसार उनका स्वागत किया। सिदो कान्हू क्लब कान्हूपुर द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचे एफसी पाकुड़ टीम व जेआर संथाल दिशोम सफारोम टीम के बीच काफी रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें जेआर संथाल दिशोम सफारोम टीम ने विजेता व एफसी पाकुड़ की टीम ने उपविजेता का खिताब जीता। विजेता रही जेआर संथाल दिशोम टीम को जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने विजेता टीम को र 35000 हजार नगद देकर सम्मानित किया व्ही उपविजेता टीम एफसी पाकुड़ टीम को प्रखंड अध्यक्ष मुसलोद्दीन शेख ने 30000 नगद देकर पुरस्कृत किया। इसके पूर्व यादव ने खिलाड़ियों से खेल की भावना से खेलने को कहा। यादव ने कहा कि झारखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी की सरकार खेल व खिलाड़ियो की विकास को लेकर कई योजनायें संचालित किए हुए है। आज कई खेलो में झारखण्ड के खिलाड़ियो ने राज्य व देश का नाम रौशन किया है। सरकार आमलोगों की विकास को लेकर कृत संकल्पित है।

## श्रावणी मेला के अंतिम सोमवारी पर 1.25 लाख कावरियों ने किया जलाभिषेक



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** राजकीय श्रावणी मेला की आठवीं और अंतिम सोमवारी को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण करने के लिए रविवार देर रात से ही जलसर के समीप बने कॉरिडोर में लाइन लगना शुरू हो गया था, इस बीच लगातार कांवरिया बाबा धाम की और पहुंच रहे थे , जिला प्रशासन के आदेश अनुसार सोमवारी जलार्पण के लिए बाबा बैजनाथ धाम मंदिर सुबह 3:57 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया और अर्घा के माध्यम से जलार्पण शुरू हो गया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा, प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवारी इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को लेकर उपायुक्त विशाल सागर रुटलाइन के अलावा अहले सुबह से बाबा मंदिर प्रांगण में मौजुद थे। श्रद्धालुओं को किसी तरह कि परेशानी नहीं हो इसलिए कावरियों की कतार बीएड कॉलेज से होकर मंदिर में प्रवेश कराया गया। श्रावण मास के आखिरी सोमवारी को लेकर बाबा नगरी आने वाले लाखों की संख्या में देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं को पहले ही दुरुस्त कर लिया था, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, कचड़ा उठाव, स्वास्थ्य सुविधा, सूचना सह सहायता केंद्र पूरी तरह से एक्टिव दिखा।

## सावन के आखरी सोमवारी को बासुकीनाथ में उमड़ा आस्था और विश्वास का सैलाब



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** सावन के आखरी सोमवारी को फौजदारी बाबा बासुकीनाथ के दरबार में आस्था और विश्वास का सैलाब उमड़ पड़ा।आखरी सोमवारी को बासुकीनाथ धाम पूरी तरह से केसरिया रंग में सरबोर दिखा। अहले सुबह पुरोहित पूजा के बाद 3 बजकर 50 मिनट पर जलार्पण जैसे ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं की कतार बढ़ती चली गयी। चाक चौबंद सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था के बीच बाबा पर श्रद्धालु पूरी शांतिपूर्ण ढंग से कतारबद्ध होकर अर्घा के माध्यम से लगातार जलार्पण कर रहे थे।लाल पीले एवं केसरिया रंग के वेष में बोल बम एवं हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालु हाथ मे गंगाजल लिये बाबा मंदिर की ओर जाते दिखे।

शिवगंगा के आसपास एवं पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का सैलाब देर रात से ही दिखने लगा था। सभी श्रद्धालु देर रात्रि से ही कतारबद्ध होना प्रारंभ कर चुके थे। तो कई श्रद्धालु सूचना जनसम्कर्प विभाग द्वारा बनाये गये निःशुल्क आवासन केन्द्र में विश्राम करते भी दिखे। सावन की आखरी सोमवारी को श्रद्धालुओं के आने वाले सैलाब का पूवार्नुमान लग चुका था। सूचना जनसम्पर्क विभाग द्वारा बनाये गये सभी निःशुल्क आवासन केन्द्र तथा टेंट सिटी पूरी तरह से भरा दिखाई पड़ रहा था। आखरी सोमवारी को श्रद्धालुओं की बड़ी तादाद को देखते हुए सूचना सहायता कर्मी लगातार अपने कर्तव्य पर दिख रहे थे। ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से बिछड़ों को मिलाया जा रहा था। सभी सूचना सहायता शिविर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दे रही थी। श्रद्धालु शिवगंगा में स्नान कर बाबा का जलार्पण करते हैं। शिवगंगा में स्नान करने के दौरान किसी प्रकार की विपरीत स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं।

## सत्य सनातन संस्था ने मंदिरों में बांटे बेलपत्र दूध और गंगाजल



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** सत्य सनातन संस्था ने विभिन्न मंदिरों में निःशुल्क सेवा करते हुए शिविर लगाकर शिवभक्तों, श्रद्धालुओ के बीच बेलपत्र, गंगा जल, कच्चा दूध, पुष्प का वितरण किया।अंतिम और आठवां सोमवारी को संस्था के पुरोहित रहित दास जी के नेतृत्व में कई सनातनियों ने हिस्सा लेते हुए सक्रिय रूप से योगदान किया। वहीं संस्था के राहुल सिंह जी,सागर चौधारी जी, रंजीत चौबे जी एवम् अन्य सनातनियों ने निरंतर सेवा भाव से सांस्था के बैनर तले निःशुल्क वितरण का कार्य करते हुए इस वर्ष भी जिले के अखिलेश्वर नाथ महाराज शिव मंदिर तोड़ाई में तूफान दास, शिव मंदिर समसेरा में पुजारी बिहारी बाबा, शिव मंदिर कालिकापुर में संजीत कुमार भगत,सूरज सरकार,बिजली कॉलोनी में संस्था के सयुक्त सचिव अजय भगत , भगतपाड़ा शिव मंदिर में,सत्यम भगत,मिंटू गिरी,रवि भगत, अभिनव कुमार,अमित कुमार,बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर कुड़ापाड़ा में सत्यम कृष्णा, राहुल दास,मुख्य सड़क स्थित दूधनाथ मंदिर में पुरोहित रोहित दास जी, रेलवे कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में सानू रजक,गौतम कुमार, विक्की श्रीवास्तव,तलवाड़ंगा स्थित महाकाल शक्ति पीठ में विशाल भगत,आकाश पहाड़िया, गोकुलपुर- शहरकोल शिव मंदिर में विश्वजीत सिंह,मनीष सिंह के नेत्वरित में निःशुल्क फूल बेलपत्र गंगाजल दूध कावितरण किया गया।

### मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर एएनएम के साथ बैठक आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को बीएएम शैलेस कुमार की अध्यक्षता में मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर एएनएम के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रुप से आगामी 11 सितंबर 2023 से प्रारंभ होने वाले मिशन इंद्रधनुष अभियान के दुसरे चरण को लेकर माइक्रोप्लान तैयार किया गया। बैठक में बताया गया कि इस अभियान में चिन्हित किए हुए छुटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण किया जाना है। साथ ही टीकाकरण के साथ सभी एएनएम को अपने-अपने क्षेत्र में किए गए टीकाकरण कार्य की यू-वीन पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीएएम शैलेस कुमार, हेल्थ एजुकेटर नीलम सरिता खाल्को, राजेश रंजन सहित एएनएम उपस्थित थे।

## निवार्ची पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ की बैठक




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर-घर सत्यापन, मतदाता सूची का पन्ना वेरीफिकेशन व इसके अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा 04- लिट्टीपाड़ा (अ.ज.जा)विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ हरिवंश पंडित द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड सभागार में लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक की। घर-घर सत्यापन का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

विलोपन आदि प्रपत्र साथ - साथ करने को कहा। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सभी प्रखण्डों के विभिन्न मतदान केंद्र अंतर्गत कुल मतदाता, सत्यापन किये गये मतदाताओं की संख्या, अर्हता तिथि के अनुसार योग्य मतदाताओं की संख्या, मतदाता सूची में आवश्यक त्रुटि व निराकरण के लिए भरे गये विभिन्न प्रपत्रों की संख्या, मतदान केंद्रों में रैंप, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि की सुविधा की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। घर-घर सत्यापन में मतदाता के खराब फोटो, ब्लैक एण्ड व्हाईट फोटो को रंगीन फोटो में बदलने, सत्यापन उपरांत निर्वाचन आयोग से प्राप्त स्टीकर को घर-घर चिपकाने की समीक्षा की गई। मतदान केंद्र संख्या 69 उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोपहाड़ी का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और मतदाताओं से सम्पर्क कर जाँच एवं पूछताछ किये।बैठक में लिट्टीपाड़ा, अमडापाड़ा एवं हिरणपुर के सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, कुमार देवेश द्विवेदी, उमेश कुमार स्वांसी सहित 04-लिट्टीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन के सभी निर्वाचन सुपरवाईजर समेत अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम

### स्थानीय पाकुड़ पॉलिटेक्निक में जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत

## नेशनल तंबाकू कंट्रोल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्थानीय पाकुड़ पॉलिटेक्निक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा नेशनल तंबाकू कंट्रोल प्रोग्राम सेंसिटाईजेसन कैम्पेन का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान के सभी छात्र और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओ को तम्बाकू के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली गंभीर बीमारियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामूहिक रूप से आशीष हेम्ब्रम (सी.एच.ओ, पाकुड़) और श्रीमती रेशमा टोपनो (सी.एच.ओ, पाकुड़) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आशीष हेम्ब्रम ने संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया की तम्बाकू का सेवन जानलेवा साबित होता है और इससे जहाँ तक हो सके दुरी बना के रहें क संस्थान के प्राचार्य डॉ० ऋषिकेश गोस्वामी ने अपने स्वागत भाषण में पदाधिकारिओं का स्वागत करते हुए छात्रों को आज के कार्यक्रम से सीख लेते हुए तम्बाकू से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य समिति से आये पदाधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से तम्बाकू से संबंधित सभी विशेष जानकारी, आंकडे और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया तथा सभी छात्रों को तम्बाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई संस्थान के निदेशक अभिजीत कुमार और शासी निकाय की सदस्या श्रीमती रेणुका यशस्वी ने ऑनलाइन जुड़ते हुए छात्रों से तम्बाकू का सेवन नही करने की अपील की।



संस्थान के मुख्य प्रशानिक पदाधिकारी निखिल चंद्रा ने महामारी रोग के विशेषज्ञ आशीष हेम्ब्रोम (सी.एच.ओ, पाकुड़)और उनकी पूरी टीम को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक अमित रंजन, सभी शिक्षकगण तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सोमवार को महिला पर्यवेक्षिका मारग्रेट कंचन अंजली माल्वा की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य रुप से लक्ष्य के अनुरूप सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में एक हजार शेष बचा हुआ है। जिसे योग्य लाभुकों से यथाशीघ्र आवेदन लेकर पूरा कराने का निर्देश दिया गया। मातृत्व वंदना योजना में योग्य लाभुकों से आवेदन लेने का निर्देश दिया गया। ससमय केंद्र खोलने व संचालन करने तथा पोषण ट्रेकर एप में शत प्रतिशत अपलोड करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के एमपीडबल्यू किस्टो कुमार सिंह ने उपस्थित सेविकाओं को एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत विद्यालय नहीं जाने वाली 10-19 वर्ष की किशोरियों को आइएफए की नीली गोली प्रत्येक सप्ताह बुधवार को खाना खाने के बाद खिलाने के बावत जानकारी दी गई। बैठक में महिला पर्यवेक्षिका एलिजाबेथ किस्कू, चंदा रविदास, रूथ टुडू, सुमित्रा देवी के अलावे आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं उपस्थित थीं।

## शहर >> अपडेट

### सेवा भारती के अध्यक्ष ने की महामृत्युंजय जाप

**कुडू :** लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन सह लोहरदगा जिला सेवा भारती के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने महादेव शिव शंकर भोलेनाथ जी का महामृत्युंजय जाप कराते हुए रुद्रा अभिषेक किया। और ईश्वर से कामना की है कि सभी लोग स्वस्थ रहें एवं सभी के परिवार में सुख समृद्धि आवे और भारत देश का नाम दुनिया में सर्वपरी रहे,और कहा की श्रावण मास पर सभी देवी देवताओं का पट खुले रहते हैं। और श्रवण के माह में मन से मांगे सभी मुरादे पूरी होती है।

## सिटी अपडेट्स >>

### तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा :** सोमवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत लोहा सीकर के समीप बाइक से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान पवित्र कुमार (उम्र 20 वर्ष), दिनेश कुमार (उम्र 22 वर्ष), कुलदीप कुमार (उम्र 22 वर्ष) सभी बेड़ोकला के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बेडोकला कोडरमा की तरफ आने के दौरान लोहासीकर के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज करके पवित्र कुमार को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दो युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अंतिम सोमवारी पर निकली कांवर पदयात्रा



**कोडरमा :** सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर कोडरमा जिला शिव भक्ति में रमा रहा। इस अवसर पर झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक कांवर पदयात्रा निकाली गई। सुबह से ही शिवभक्त झुमरीतिलैया के झरनाकुंड से पवित्र जल का उठाव कर करीब 15 किलोमीटर की पदयात्रा कर कोडरमा पहुंचे और 777 सीढ़ी चढ़कर ध्वजाधारी पहाड़ पर स्थापित भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पिछले 24 सालों से लगातार सावन की अंतिम सोमवारी के मौके पर जिले के श्रीराम संकीर्तन मंडल धार्मिक संगठनों की ओर से कांवर पदयात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। कांवर पद यात्रा का उदघाटन विधायक नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता व नप के निवर्तमान उपाध्यक्ष संतोष यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में झुमरीतिलैया से कोडरमा तक महिला-पुरुष शिवभक्तों का रैला उमड़ पड़ा। कांवर यात्रा में शामिल भक्तों के स्वागत के लिए जगह-जगह चाय, शर्बत के स्टाल लगाए थे। वहीं तिलैया से कोडरमा तक भक्तों के स्वागत के लिए करीब 15 तोरणद्वार बनाए गए। जगह-जगह लोक कलाकारों द्वारा भगवान शिव की महिमा पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गयी। भगवान शिव के भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते झूमते बाबा के दरबार पहुंचे।वहीं प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के लिहाज से विशेष इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर के अलावे पदयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुरुष बलों की तैनाती की गई थी। वहीं समिति के वालिंटियर लगातार मानिटरिंग कर रहे थे।

**बैठक** कुडू प्रखंड में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत कांग्रेस ने की बैठक

# सेवा भाव से काम करने वाले सदस्यों की जरूरत:दीपक ओझा

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** कुडू प्रखंड के कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष तनवीर गौहर के अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक बहुउद्देशीय भवन में आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुखैर भगत लोहरदगा विधानसभा कोऑर्डिनेटर दीपक ओझा बिशुनपुर विधानसभा कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद जी उपस्थित हुए। लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा कर सभी कार्यकर्ता को बतलाया गया जिसमें आदिवासी कांग्रेसएस सी प्रकोष्ठ ओबीसी कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ महिला कांग्रेस एन एस यू आइ सेवादल एवं सभी सेल प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बनाना है।बैठक में विधानसभा कोऑर्डिनेटर दीपक ओझा ने कहा कि बूथ पंचायत प्रखंड जिला स्तर में कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय है और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है। और लीडर के रुप में उसे प्रोजेक्ट करना है। जो आज हम सभी ने मिलकर संगठन का विस्तार करने हेतु बैठक की जा रही है। जो आने वाले दिनों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। विधानसभा जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि सेल प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद सभी को अपनी कमिटि बनाना है आप सभी बूथ स्तरपंचायत स्तर एवं प्रखंड स्तर में लोगों के समस्या से आप सभी सम्मानित लीडरों के द्वारा जिला तक लाना है और पदाधिकारी से मिलकर समस्या का निदान करना है तभी हमारा संगठन मजबूत होगा। इसी उद्देश्य को लेकर आज लीडर डेवलपमेंट मिशन की बैठक की जा रही है। विशुनपुर विधानसभा कार्डिनेटर नेसार अहमद ने कहा कि आप सभी कांग्रेस समर्पित कार्यकर्ता हैं। राहुल गांधी जी सदन में गरीबों की आवाज बनते है आप सभी उनके नक्शे कदम में चलते हुए लोगों की आवाज बनना है। आप सभी झारखंड के गठबंधन की सरकार द्वारा सभी लाभकारी योजना को लोगों को बताना है और इसका लाभ भी दिलाना है आप सभी विंग के साथी आप पार्टी के रीढ़ है आप सभी ग्रामीणों की समस्या को मुझे अवगत कराय मैं हर वक्त आपके समस्या का निदान के लिए तत्पर हूं।लीडर डेवलपमेंट मिशन संबंधित बातों को बताते हुए अगले बैठक में सेल प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षों का चयन किया जाएगा।मौके पर दीपक ओझा सुखेर भगत नेसार अहमद तनवीर गौहर हाजी सदरुल अंसारी जयनाथ साहू जिप अध्यक्ष रीना कुमारीडॉक्टर इकबाल दीपक महतो कमरुल इस्लाम लाल राजेश नाथ शाहदेव साथ पूरे प्रखंड से कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** सावन की अंतिम सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में हर हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय। प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर,बड़की चांपि शिव मंदिर,टाटी शिव मंदिर,तान पहाड़ी स्थित शिव मंदिर, बड़की चांपि दुर्गा मंदिर,हेंजला शिव मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, ,धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। इस मौके पर भक्तों ने पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे से वातारण गूंजायमान होता रहा। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में कीर्तन,भजन का आयोजन किया गया। साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरण आयोजन समिति के द्वारा किया गया। इस मौके पर महादेव मण्डा धाम में बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी एवं सलगी पंचायत के उप मुखिया किस्मती देवी ने बिधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भागवान से की। इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध,मनोज दुबे,विद्या देवी,सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जलाभिषेक के लिए उमडी श्रद्धालुओं की भीड़



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार सावन मास की अंतिम सोमवारी पर पेटरवार ब्लॉक कॉलोनी स्थित विशेश्वर धाम मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पेटरवार प्रखंड के विभिन्न शिवालियों के साथ- साथ विशेश्वर धाम मंदिर परिसर में स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सोमवार को अहले सुबह श्रद्धालु बाजे-गाजे के साथ मंदिर परिसर में पहुंच कर मंदिर परिसर में स्थित उत्तर वाहनी तालाब में स्नान ध्यान कर विशेश्वर धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात शिवलिंग में जलाभिषेक किया।

आचार्य राजेश कुमार गुरु ने बताया कि ये मंदिर1964 में स्थापित की गई थी जो इस क्षेत्र में जीवतांत मंदिर कहा जाता है इस मंदिर दृढ़ इच्छा शक्ति से मन्नत मांगता है वह पूर्ण होता है। वही दूसरी ओर सोमवार को सावन माह की अंतिम सोमवारी पर पेटरवार प्रखंड के विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं की ओर से कलश यात्रा के क्रम में पूर्व विधायक बबीता देवी ने पेटरवार स्थित अपने आवासीय कार्यालय में रजरप्पा से जल उठाकर आने के क्रम में सैंकड़ों श्रद्धालुओं के बीच फल, शरबत एवं बिस्किट आदि का वितरण किया। उन्होंने सभी को अनुष्ठान की शुभकामनाएं दी। बबीता देवी ने कहा कि सावन माह में अंतिम सोमवारी का खास महत्व होता है। आज अंतिम सोमवारी है ओर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बन रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में शामिल होने एवं श्रद्धालुओं की सेवा से मन को असीम शांति ओर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। इसी कड़ी में नवयुवक कांवरियां संघ उतासारा की ओर से एक कांवड़ यात्रा निकाली गई जो रजरप्पा से जल लेकर पैदल उतासारा पहुंचे और जलाभिषेक किया गया।

## श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के खारियोडीह बाबा धाम में सावन के अंतिम सोमवारी पर हर हर महादेव के जयकारों के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। बताते चलें कि जयनगर प्रखंड के खरियोडीह पंचायत स्थित बाबा धाम में सावन, कार्तिक, माघ महीने के अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ में उमडती है। जहां भक्त श्रद्धालु सुख शांति का आशीर्वाद मांगते हैं। इस सावन के अंतिम सोमवारी में हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। प्रखंड के तिलोकरी, खारियोडीह, अलगडीहा, कुरूमडीहा, बेहराड़ीह सहित दर्जनों गांव के लोगों ने सोमवारी के अवसर पर बाबा खरियोनाथ धाम पहुंचकर पूजा अर्चना किया। मान्यता के अनुसार पूजा अर्चना करने से भक्तों की मनोकामना भोले बाबा शीघ्र ही पूरा करते हैं। प्रत्येक दिन दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए जलाभिषेक करते हैं। बाबा धाम खरियोडीह का इतिहास आज से सैकड़ो वर्ष पुराना है।

## भक्तों ने निकाली जल यात्रा



राष्ट्रीय खबर

**डोमचांच:** प्रखंड मे सावन के अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिरो में पूजा अर्चना को लेकर भीड़ उमड़ी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण अंतिम सोमवार को जल यात्रा को लेकर शिव भक्त सुबह छह बजे मंदिर परिसर पहुंचे। जहां से प्रखंड के विभिन्न उत्तरवाहिनी नदी के लिए निकले सभी श्रद्धालु नदी घाट से जल संकल्प कर पुनः पदयात्रा करते हुए जय भोले, ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयकारों के साथ अपने अपने शिव मंदिर पहुंचे। जहां सभी भक्तों ने भगवान के शिवलिंग पर जल अभिषेक कर भगवान शिव की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। देवों के देव महादेव को पूजा अर्चना कर परिक्रमा कर फूल बेलपत्र चढ़कर सुख समृद्धि की कामना की।

**समारोह** अविराम के वार्षिकोत्सव में अर्चना व संजना बनी स्टूडेंट ऑफ द ईयर

# छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको,कुडू, लोहरदगा में बीएड और डीएलएड सत्र 2021-23 के प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह,वार्षिकोत्सव और पूर्व छात्रों को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक परछन से हुआ। दीप प्रज्वलन सचिव अविराम इंद्रजीत कुमार के द्वारा कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता,राजस्थानी नृत्य,विविधता पूर्ण रीमिक्स पर संजना,रौनक,राहत आदि ने सारगर्भित प्रस्तुति दी।जिनको स्मृतिचिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए उनमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर अर्चना और संजना,मोस्ट डिसिप्लिन स्टूडेंट अभिषेक केर-केट्टा, अनुपा,बेस्ट इन प्रैक्टिस टीचिंग में पूजा,शुभम,कंचन रंजन,नेहा,सुरजमुनि,बेस्ट इन कम्युनिटी सर्विस में सचिन कुमार,बेस्ट इन सेल्फ हेल्प ग्रुप में श्रेया, अनिधा,अंबिका,स्वेता,बेस्ट इन क्लास रिप्रेजेंटेटिव निकिता,प्रवीन,बेस्ट इन एन एस एस रश्मि सिंहा,बेस्ट सोलो डांसर नेहा,वेस्ट हॉस्टल रिप्रेजेंटेटिव अनुप,बेस्ट इन सेल प्रिया,बिरजीनिया,पूजा, सुनीत,गुलशन,अंजली,प्रियंका,गुलशन,अंजली,खुशबू,एंजेला,निकिता,निशी,कृष्मुणी,विक्टोरिया को मिला,प्राइड ऑफ अविराम शमशाद,आरती,मोनिका,कौशर,अरविंद,अर्चना,बेस्ट एंकर रश्मि को मिला।पूर्व छात्र के अंतर्गत अमित कुजूर,स्वेता संदेश,अशफाक खलीफा,प्रियंका जो वर्ष 2013 से 2015 तक बीएड के प्रशिक्षु रहे है स्मृति चिन्ह,प्रमाणपत्र,पौधा देकर सचिव द्वारा सम्मानित किया गया और सभी को पौधा भेंट दिया गया।उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों में राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध को,ग्रीन एफर्ट हेतु पंकज कुमार भारती,टीचर ऑफ द ईयर रेणुका महतो और आउटस्टैंडिंग लीडरशिप के लिए प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी को सचिव के द्वारा प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न दिया गया। अपने उद्बोधन में सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि अनुशासन और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है अनेकों परेशानी के बाद अविराम ने शिक्षा जगत में अपनी जो पहचान बनाई है उसमें बच्चो का और अच्छी टीम का बहुत योगदान है,कभी भी प्रबंधन इसीलिए वित्त को बाधा नहीं बनने देता है निरंतर विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की दिशा में तत्पर है सभी प्रशिक्षु ईमानदारी,समर्पण भाव से अपने जीवन के प्रत्येक कार्य को करे और आगे बढ़े यही शुभकामना है। कार्यक्रम संचालन समीकरण और शबनम ने किया।

## न्यूज फटाफट

### हेंजला शिव मंदिर में भक्तों की भीड़



**कुडू :** सावन की आखरी सोमवारी के मौके पर हेंजला स्थित शिव मंदिर पर भक्तों का भीड़ उमड पड़ा। आखरी सोमवारी के शुभ अवसर पर महाकाल के भक्तगण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया एवं अपने मुराद पूरी करने की प्रार्थना किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के मंत्री मुन्ना यादव नंदकिशोर यादव आनंद साहू विनय कुमार पप्पू यादव के द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जा रही थी। उक्त आशय की जानकारी भाजपा युवा मोर्चा मंत्री मुन्ना यादव ने दिया।

### मुखिया मामले मे जांच कमिटी गठित

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के सदमा कला पंचायत भवन में सोमवार को पेटरवार प्रखंड मुखिया संघ की एक आवश्यक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष रानी कुमारी मुर्मू ने की। बैठक के दौरान गत 15 अगस्त को मुखिया कल्पना देवी के साथ घटित घटना को लेकर एक जांच कमिटी का गठन किया गया जो मामले की जांच करेंगी। इस कमिटी में चरगी मुखिया रानी कुमारी मुर्मू, पेटरवार मुखिया दिनेश कुमार गुप्ता, खेतको मुखिया अनवरी खातून, उलगड्डा मुखिया अरविंद कुमार मुर्मू, मायापुर मुखिया नाम किशोर मांझी, अरजुवा मुखिया उर्मिला देवी एवं चलकरी दक्षिणी मुखिया रजनी देवी को शामिल किया गया है। जांच के पश्चात जांच रिपोर्ट संघ के अध्यक्ष को सौपते हुए बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष मामले को रखा जाएगा। बैठक के दौरान प्रस्ताव लिया गया कि जिला स्तरीय संघ में मुखिया को शामिल किए जाने के कारण प्रखंड कमिटी में खाली हुए सचिव पद पर अरविंद कुमार मुर्मू व कोषाध्यक्ष का पद अरजुवा मुखिया उर्मिला देवी को सौपा गया। इस मौके पर अन्य मुखिया शामिल रहे।

### गौरी शंकर धाम में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**जयनगर :** जयनगर प्रखंड के गौरीशंकर धाम में सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर कांवड यात्रा का शुभारंभ उप प्रमुख राजनारायण सिंह, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, पूजा प्रबंध समिति के महासचिव सतीश पांडेय ने विधिवत पूजन अर्चना कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। कावड़ यात्रा गौरी शंकर धाम पहरीडीह से थाना चौक, मोदी मोहल्ला, सांथ, तरवन होते हुए उतरवाहिनी बनाकर नदी उदालो में पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः गौरी शंकर धाम मंदिर में भोले शंकर एवं माता पार्वती को जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में तापेश्वर सिंह, अनिल सिंह, मुन्ना सिंह, सूरज सोनी, पृथ्वी सिंह, महेश सिंह, खोसो पंडित, महादेव साव, बाबू साव, बहादुर पंडित, राहुल सिंह, पंकज सिंह सहित सैकडों महिला पुरुष शामिल थे।

### वाहन की चपेट मे आने से दो लोग घायल

**कोडरमा :** सोमवार को कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई आईस फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान मंगर पासवान (उम्र 20 वर्ष पिता केदार पासवान), सुरेश पासवान (उम्र 45 वर्ष पिता महादेव पासवान) ग्राम घोडथामा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर कोडरमा पीजी हॉस्पिटल आ रहे थे। आईस फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### मानव जीवन के लिए हरियाली आवश्यक :डा. प्रभात



**जयनगर :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नेशनल आयुष मिशन झारखंड के तहत जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा डां प्रभात कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जयनगर के डॉक्टर संदीप कुमार के द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय लतबेधवा, आयुष ग्राम के प्राथमिक विद्यालय इरगोबाद, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सरमाटांड में हर्बल पौधारोपण किया। पंचायत सचिवालय सतडीहा, मध्य विद्यालय सतडीहा, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सतडीहा के ग्रामीणों के बीच घर-घर जाकर हर्बल पौधा वितरण किया। वहीं जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि जब पेड़ पौधे रहेंगे हरे भरे, तो हम भी रहेंगे हरे भरे। इस दौरान जामुन, पपीता, अर्जुन, अनार, आंवला आदि पेड़ का वितरण किया। मुख्य रूप से योग प्रशिक्षक कैलाश लाल बर्णवाल, डॉ. अंकिता कुमारी, डॉ. आलम, सहिया मंजु देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### बिजली की लचार व्यवस्था से परेशान हैं लोग

**जयनगर :** प्रखंड में मात्र 14-15 घंटे विद्युत आपूर्ति किया जा रहा है। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही से जयनगर प्रखंड वासी परेशान हैं। अगस्त माह के प्रचंड गर्मी से बुजुर्ग, क्या बच्चे, सभी विद्युत विभाग की लापरवाही से परेशान है। एक तरफ पूरे प्रखंड वासी गर्मी की मार झेल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ विद्युत की अनियमित आपूर्ति से लोग काफी परेशान हैं। विद्युत विभाग के द्वारा घोर लापरवाही किया जा रहा है। इस भीषण गर्मी में मात्र 14-15 घंटे विद्युत आपूर्ति किया जाता है। इस भीषण गर्मी में भी जहां दिन में मुश्किल से 5-6 घंटा की विद्युत आपूर्ति किया जाता है वहीं रात्रि में भी मात्र 6-7 घंटा बिजली मिलता है। ऐसे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब शाम में बच्चे पढ़ने बैठते हैं। तो इसी समय विद्युत आपूर्ति बंद रहता है। युवा नेता उमेश यादव ने बताया की जब समय पर बिजली बिल का भुगतान किया जाता है तो विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के साथ घोर अनियमितता क्यों करता है। झारखंड सरकार को चाहिए कि लापरवाही करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई कर नियमित बिजली आपूर्ति कर इस भीषण गर्मी से उपभोक्ताओं को राहत दे। इंटक जिला अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि डीवीसी केटीपीएस पावर प्लांट में विद्युत तैयार किया जाता है उसके बाद भी कोडरमा जिला में विद्युत आपूर्ति मात्र 14 से 15 घंटा किया जाता है।

## न्यूज फटाफट

### नये राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ पारुल ने कटाया पेरिस का टिकट




**बुडापेस्ट :** भारत की पारुल चौधरी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के 3000 मीटर स्टीपलचेज़ फाइनल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है। पारुल रविवार को नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में हुए फाइनल में 11वें स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने नौ मिनट 15.31 सेकंड में दौड़ पूरी कर ललिता बाबर (नौ मिनट 19.76 सेकंड) का रियो ओलंपिक 2016 में बनाया गया सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये खिलाड़ियों को नौ मिनट 23 सेकंड में दौड़ पूरी करनी थी और अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर पारुल ने पेरिस का टिकट भी कटा लिया। इससे पूर्व, पारुल क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (9.29.51) से पांच सेकंड तेज दौड़ीं और इससे उन्हें पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। हाल के वर्षों में, अमेरिकी कोच निक सिमंस द्वारा निर्धारित कोचिंग कार्यक्रम से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में 5000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और इस साल एशियाई चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था।

### 47400 मीटर रिले में पांचवें स्थान पर रहा भारत

**बुडापेस्ट :** मोहम्मद अनस, अमोज जेकब, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 की 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ में पांचवां स्थान हासिल किया है। क्वालीफिकेशन राउंड में एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने वाली भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर पांचवें स्थान पर रही। अमेरिका ने दो मिनट 57.31 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि फ्रांस ने दो मिनट 58.45 सेकंड के समय के साथ चांदी हासिल की। ग्रेट ब्रिटेन (दो मिनट 58.71 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहने वाले जमैका (2:59.34) से कुछ सेकंड ही पीछे रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने शनिवार को हुए क्वालीफिकेशन राउंड में दो मिनट 59.05 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया था।

### पटनायक ने की किशोर जेना को 25 लाख नकद इनाम देने की घोषणा




**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य के पहले खिलाड़ी बने भाला फेंक स्टार किशोर जेना को 25 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। किशोर ने भाला फेंक में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए, पांचवां स्थान हासिल किया। उन्होंने भाला फेंक में 84.77 मीटर की दूरी तय की, जो वैश्विक मंच पर उनके असाधारण प्रदर्शन को दर्शाता है। किशोर की भागीदारी एथलीट के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और ओडिशा के खेल इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी है। किशोर जेना की अदम्य भावना की सराहना करते हुए, श्री पटनायक ने कहा,''किशोर जेना की उल्लेखनीय यात्रा और बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में असाधारण प्रदर्शन ने न केवल हमारे राज्य और राष्ट्र को गौरव दिलाया है, बल्कि आगामी वर्षों के लिए कई एथलीटों को प्रेरित भी किया है।'' विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप एक प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन है, जो विभिन्न ट्रैक और फील्ड विषयों में प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया भर के बेहतरीन एथलीटों को एक साथ लाता है। इस चैंपियनशिप में किशोर जेना की भागीदारी न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि उस खेल कौशल और प्रतिभा को भी दर्शाती है जो ओडिशा दुनिया को पेश करता है।

### नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक उपलब्धि पर खट्टर ने दी बधाई

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरज चोपड़ा के विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी है। श्री खट्टर ने सोमवार को यहां राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन को इस सम्बंध में सम्बोधित करते हुए कहा कि नीरज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश दोनों को फिर से गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि नीरज विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले देश के पहले एथलीट बने हैं। उन्होंने नीरज के परिवार, कोच और सभी खेल प्रेमियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**उपलब्धि** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 40 साल के इतिहास में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है

# नीरज बने विश्व चैंपियन

▶▶ पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे

एजेंसियां




**बुडापेस्ट :** शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 40 साल के इतिहास में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है। नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में रविवार को हुए फाइनल में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज ने 88.17 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया।

पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया। पहला थ्रो रद्द होने के बाद नीरज ने दूसरे ही प्रयास में जैवलिन को 88.17 मीटर की दूरी पर फेंक दिया।

नीरज ने अपने अगले चार प्रयासों में क्रमशः 86.32, 84.64, 87.73 और 83.98 मीटर की दूरी तक भाला फैंका, लेकिन उनके दूसरे प्रयास के दम से भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया। नीरज विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं, जबकि पिछले साल उन्होंने यूजीन में आयोजित टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया था। नीरज के अलावा अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला लंबी कूद कांस्य, 2003) विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाली एकमात्र एथलीट हैं।

गौरतलब है कि नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का है, जो स्टॉकहॉम डायमंड लीग 2022 में दर्ज किया था। नीरज का रविवार रात का थ्रो उनके सर्वश्रेष्ठ पांच प्रयासों में न होने के बावजूद इतिहास के पन्नों में उनका नाम दर्ज करवाने के लिये काफी था। नीरज ने इस जीत के बाद कहा, ''यह बहुत अच्छा था। ओलंपिक स्वर्ण के बाद मैं वास्तव में विश्व चैंपियनशिप जीतना चाहता था। मैं बस और आगे बढ़ना चाहता था। यह राष्ट्रीय टीम के लिए शानदार है लेकिन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतना मेरा सपना था।'' उन्होंने कहा, ''यह भारत के लिये एक शानदार चैंपियनशिप रही है और मुझे अपने देश के लिये एक और खिताब लाने पर गर्व है। मुझे नहीं लगता कि मैं यहां सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हूं।

मैं आज रात और बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मैं आज रात 90 मीटर का निशान पार करना चाहता था। मैं आज शाम यह सब एक साथ नहीं कर सका, शायद अगली बार।'' नीरज के हमवतन किशोर जेना (84.77 मीटर) ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। डीपी मनू 84.14 मीटर की थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे।

विश्व चैंपियनशिप की भाला फेंक प्रतियोगिता में पहली बार तीन भारतीय शीर्ष आठ में रहे हैं। नीरज अब भाला फेंक प्रतियोगिताओं में हर संभव बड़ा खिताब जीत चुके हैं। अपने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और डायमंड लीग खिताब के अलावा नीरज एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (2017), एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) चैंपियन भी हैं। उन्होंने विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2016) में भी स्वर्ण जीता था।

### नीरज की जीत से झूमा उत्तर प्रदेश,आनंदीबेन,योगी ने दी बधाई



**लखनऊ :** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर उत्तर प्रदेश के खेल प्रेमियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने नीरज को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की हैं वहीं युवा एथलीटों ने खुशी का इजहार करते हुये नीरज को भारतीय एथलीट का गौरव बताया है। राज्यपाल ने देश का मानवर्धन करने वाली इस उपलब्धि के लिए नीरज चोपड़ा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर के अपने ऐतिहासिक थ्रो के साथ भारत को पहली बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक का सम्मान दिलाया है। उन्होने नीरज चोपड़ा के इस उल्लेखनीय प्रदर्शन की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट किया '' बधाई हो नीरज चोपड़ा। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आपके अभूतपूर्व 88.17-मीटर थ्रो के कारण, आप डायमंड लीग ट्रॉफी, विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। आपकी उपलब्धियाँ पूरे देश की भावना को ऊपर उठाती हैं। प्रत्येक भारतीय गर्व और प्रेरणा से सातवें आसमान पर है। जय हिन्द।'' सपा अध्यक्ष ने ट्वीट किया '' विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर नीरज चोपड़ा को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें।''

## मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह



एजेंसियां

**सलालाह:** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में मलेशिया को 9-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के लिए नवजोत कौर (सातवां, 10वां, 17वां मिनट) ने तीन गोल किए, जबकि मारियाना कुजूर (नौवा, 12वां मिनट) और ज्योति (21वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किए। महिमा चौधरी (14वां) और मोनिका दीपी टोप्पो (22वां मिनट) ने एक एक गोला जमाया। मलेशिया के लिए ज़ती मुहम्मद (चौथा, पांचवां मिनट), डियान नाज़ेरी (10वां, 20वां मिनट) और अजीज़ ज़फीराह (16वां मिनट) ने गोल जमाए। उल्लेखनीय है कि विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिए भारत को शीर्ष तीन में रहना था और इस जीत के साथ भारतीय टीम शीर्ष आयोजन में पहुंच गई है। भारत मैच में शुरू से ही आक्रामक रहा, लेकिन मलेशिया ने ज़ती मुहम्मद के गोल की मदद से चौथे मिनट में बढ़त बनाई। ज़ती मोहम्मद ने अगले ही मिनट मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि अपनी आक्रामक नीति के बदलाव नहीं किया और उसे जल्द ही इसका फल भी मिला। कप्तान नवजोत कौर और मरियाना कुजूर ने क्रमशः सातवें और नौवें मिनट में गोल जमाकर भारत के लिए स्कोर बराबर किया।

## बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होगा भारत का विश्व कप क्वालीफायर अभियान

एजेंसियां

**सलालाह:** भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां बंगलादेश के खिलाफ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत को 29 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं। बंगलादेश के खिलाफ अपनी शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय पुरुष बुधवार को ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगे, जबकि गुरुवार को उनका सामना मलेशिया और जापान से होगा। भारतीय टीम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में जगह पक्की करने के लिये शीर्ष तीन में जगह बनाने की उम्मीद के साथ क्वालीफायर में उतरेगी। उल्लेखनीय है कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में कुल 16 देश हिस्सा लेंगे। मेजबान देश होने के नाते ओमान ने पहले ही टूर्नामेंट में जगह बना ली है।

एशियाई क्वालीफायर में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले देशों के अलावा अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया में महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के शीर्ष तीन देश भी 2024 5एस विश्व कप में हिस्सा लेंगे। आखिरी बार, भारत और बंगलादेश एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ढाका 2021 में आमने-सामने आये थे, जहां भारत ने 9-0 की जीत अर्जित की थी।



ओमान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में हुई थी, जिसे भारत ने 11-0 से जीता था। पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने हालिया एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में 4-0 से ठोस जीत हासिल की थी। मलेशिया के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत उसी प्रतियोगिता के फाइनल में हुई थी जहां हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने रोमांचक मुकाबले के बाद मलेशिया को 4-3 से हराया था। उस टूर्नामेंट में भारत ने जापान को भी 5-0 से मात दी थी।

अपनी प्रतिभा के दम पर भारत यह टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है और कप्तान मनदीप मोर भी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। मनदीप ने मैच से पहले कहा,''हर खिलाड़ी का सबसे बड़ा सपना हमेशा विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करना होता है। यह हमारे लिये एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये सीधी योग्यता हासिल करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने आगामी प्रतियोगिता के लिये खुद को अच्छी तरह से तैयार किया है। हमें विश्वास है कि हम टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे प्राप्त करने और शीर्ष-तीन में स्थान हासिल करने में सक्षम होंगे।''

## कंटेस्टेंट होने से लेकर इंडियन आइडल को जज करने तक मेरा सफर कठिन लेकिन शानदार रहा : श्रेया घोषाल



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल का कहना है कि एक रियलिटी शो की कंटेस्टेंट होने से लेकर अब इंडियन आइडल जैसे फैंस के पसंदीदा शो को जज करने तक, मेरा सफर कठिन लेकिन शानदार रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट पर दिखाया जाने वाला सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल, एक नए सीज़न के लिए लौट रहा है जिसमें सिंगर श्रेया घोषाल जजों के पैनल में शामिल होंगी। श्रेया घोषाल ने इंडियन आइडल में जज के रूप में ली गई इस नई जिम्मेदारी को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, इंडियन आइडल की जोशीली दुनिया में फिर से प्रवेश करना एक सुखद घर वापसी जैसा लगता है। मैं इंडियन आइडल जूनियर की जज रह चुकी हूं, लेकिन शो के इस संस्करण के लिए मेरा उत्साह कुछ और ही है, क्योंकि मुझे को-जजेस के रूप में सानू दा और विशाल के साथ फिर से जुड़ने का सौभाग्य मिला। भारतीय प्रतिभा की अगली लहर को ढूंढना और उनका हुनर संवारना बड़े सम्मान की बात है और भारत के अगले सिंगिंग सेंसेशन बनने की दिशा में उनके सफर का हिस्सा बनना खुशी की बात है। श्रेया घोषाल ने कहा, इंडियन आइडल जैसे शो उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और संगीत जगत की कार्यप्रणाली का अनुभव करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। मैं इस शो की बहुत बड़ी फैन रही हूं और मैं इंडियन आइडल के इस बहुप्रतीक्षित सीजन में जज के रूप में अपना सफर शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

## रजनीकांत की फिल्म जेलर ने वर्ल्डवाइड 600 करोड़ की कमाई की

एजेंसियां



**मुंबईः** दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत की फिल्म जेलर ने वर्ल्डवाइड 600 करोड़ की कमाई कर ली है। रजनीकांत की फिल्म जेलर 10 अगस्त को प्रदर्शित हुयी है। जेलर बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस कर रही है। रिलीज के बाद से ही इस फिल्म का देश के साथ विदेशों में भी डंका बज रहा है। ह्यफिल्म ट्रेड एनालिस्ट मनोबल विजय बालन के अनुसार जेलर ने 600 करोड़ क्लब में एंट्री कर दी है।फिल्म जेलर का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार ने किया है। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी अहम किरदार में हैं। 'जेलर' में रजनीकांत और तमन्ना भाटिया के अलावा राम्या कृष्णन, शिवा राजकुमार, विनायकन, जैकी श्रॉफ और मोहनलाल भी मुख्य किरदार में नजर आ रहे हैं।

## गदर 2 ने 450 करोड़ की कमाई की



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 ,भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सबसे तेज 450 करोड़ रुपए कमाने वाली फिल्म बन गई है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी है। 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। गदर 2' ने पहले सप्ताह में 284 करोड़ की कमाई की थी। गदर 2 एक-एक कर कई रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के अनुसार 'गदर 2'भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सबसे तेजी में 450 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म बन गई है।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म सेक्शन 108 का टीजर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी आने वाली फिल्म सेक्शन 108 का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दिकी फिल्म टीकू वेड्स शेरू के बाद अब फिल्म ह्यसेक्शन 108ह्ल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह रेजिना कैसेंड्रा के साथ काम करते दिखेंगे। फिल्म सेक्शन 108 का टीजर टी सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

इसे शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, क्या आप अपना दिमाग उड़ाने के लिए तैयार हैं? सेक्शन 108 का नवाज और रेजिना के लीड में घोटाले का बम फोड़ता है। टीजर लाइव अपना पॉपकॉर्न ले आएं और लाइफटाइम स्कैम की राइड के लिए तैयार हो जाएं। टीजर में रेजिना को शिखा सक्सेना के रूप में दिखाया गया है जो सनराइज इंश्योरेंस को रिप्रेंजेट करती हैं और नवाजुद्दीन से मदद मांगती हैं। नवाज फिल्म में ताहूर खान की भूमिका निभा रहे हैं जो इंश्योरेंस क्लेम कंस्लटेंट हैं। टीजर की शुरुआत शिखा सक्सेना के इंट्रोडक्शन से होती है। जिसके बाद वे एक केस लेकर नवाज के पास आती हैं और नवाज उस केस को सुलझाने में लग जाते हैं।यह फिल्म 02 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

### यारियां 2 का पहला गाना 'सौरे घर' रिलीज़

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार की आने वाली फिल्म यारियां 2 का पहला गाना 'सौरे घर' रिलीज़ हो गया है। विशाल मिश्रा और नीति मोहन द्वारा स्वरबद्ध किए गए गाना 'सौरे घर' को मनन भारद्वाज ने संगीतबद्ध किया है।

### 14 सितंबर को प्राइम वीडियो पर होगा बंबई मेरी जान का प्रीमियर

एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर और अभिनेता के के मेनन की वेबसीरीज बंबई मेरी जान का प्रीमियर 14 सितंबर को प्राइम वीडियो पर होगा। प्राइम वीडियो ने अपने आने वाले क्राइम ड्रामा, बंबई मेरी जान के ग्लोबल प्रीमियर की घोषणा कर दी है। 10 एपीसोड वाली इस सीरीज़ का प्रीमियर 14 सितंबर को भारत और 240 देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा। रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित, एस. हुसैन जैदी की कहानी के साथ, बंबई मेरी जान रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा क्रिएट की गई हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### मुंगेर में एक व्यक्ति का शव बरामद

मुंगेर: बिहार में मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस अधीक्षक जे.जाला रेड्डी ने यहां बताया कि खरहा पहाड़ी नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के घोसीबगीचा महरना गांव निवासी राजेन्द्र तांती (65) के रूप में की गयी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ममता ने अपनी पार्टी की छात्र इकाई को उसके स्थापना दिवस पर दी बधाई

कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अपनी पार्टी की छात्र इकाई तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) को उसके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। सुश्री बनर्जी ने ट्वीट किया, जब हम पूरे बंगाल में टीएमसीपी स्थापना दिवस मना रहे हैं, तब मैं गर्व और पुरानी यादों से भर गई हूं। एक पूर्व छात्र नेता के रूप में, मैं हमारे राष्ट्र को आकार देने में छात्रों और युवाओं की शक्ति को समझती हूं।

### संभल में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

भल: उत्तर प्रदेश में संभल जिले के जुनावई क्षेत्र में खेत पर सो रहे चाचा भतीजे को गोली मार दी गई, जिसमें से चाचा की मौत हो गई तथा भतीजा गंभीर घायल है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप गुनावत ने बताया कि ग्राम लावर के निवासी गंगा सहाय का पुत्र प्रताप (55) एवं रघुवीर का पुत्र उमेश रविवार रात्रि के समय अपने घेर में सो रहे थे कि रात्रि लगभग दो बजे गांव के ही लोगों ने रंजिशन प्रताप एवं उमेश को गोली मार दी। गोली लगने से प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई तथा उमेश गंभीर घायल है जिसे उपचार के लिए अलीगढ़ भेजा गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भारत यात्रा पर आये केन्या के रक्षा मंत्री, राजनाथ के साथ करेंगे वार्ता

नयी दिल्ली : केन्या के रक्षा मंत्री अदन बेयर डुले तीन दिन की यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे। डुले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को वार्ता करेंगे। यात्रा के दौरान डुले के गोवा और बेंगलुरु में भारतीय शिपयार्ड तथा रक्षा उद्योगों का दौरा करने की उम्मीद है। पिछले वर्ष सितंबर में केन्या में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से डुले की यह पहली भारत यात्रा है। उनकी यात्रा भारत और अफ्रीकी देशों के बीच संबंधों और विशेष रूप से भारत तथा केन्या के बीच बढ़ते सहयोग के महत्व को दशार्ती है। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के नए मार्ग प्रशस्त होने की आशा है।

### प्रदर्शनकारियों के साथ न्याय करे सरकार : कमलनाथ

भोपाल: मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे चयनित शिक्षकों के समर्थन में आते हुए कहा कि सरकार झूठी घोषणाओं के स्थान पर इस प्रकार प्रदर्शन के लिए मजबूर होने वालों के साथ न्याय करे। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के ओबीसी वर्ग के सैकड़ों अभ्यर्थी अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन अभ्यर्थियों के साथ पूरी सद्भावना है। उन्होंने कहा कि सरकार झूठी घोषणाओं के स्थान पर इन अभ्यर्थियों के साथ न्याय करे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय के समक्ष आज बड़ी संख्या में चयनित शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। शिक्षक नारेबाजी करते हुए भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग कर रहे थे।

---

सुप्रीम धमक

आदिवासी इलाकों तक सेना की मदद से सामान पहुंचेगा

# सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद तेज हुई है केंद्र और राज्य सरकार

- अदालती फैसले के पहले सभी चुप बैठे थे
- मैतेई महिलाओं के अवरोध को नहीं हटाआ
- पड़ोसी राज्यों से परिवहन का विकल्प चालू

राष्ट्रीय खबर



नईदिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर की असलियत को बिना कुछ कहे ही जाहिर कर दिया। उसने वहां के सारे मामलों को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अधीन कर यह साफ कर दिया कि मणिपुर में एक स्पष्ट तौर पर जातिगत विभाजन है। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों को असम में लाने के फैसले से यह भी जाहिर कर दिया कि मणिपुर की राज्य सरकार निष्पक्ष नहीं रह पायी है। अब शीर्ष अदालत का फैसला आते ही मणिपुर सरकार सेना और अन्य केंद्रीय सुरक्षा बलों के समन्वय से 28 अगस्त से पहाड़ी जिले चुराचांदपुर में आवश्यक वस्तुओं का परिवहन शुरू करने का एलान किया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मैतेई समूहों से शांति की पहल करने की अपील कर चुके हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार के एक बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चिकित्सा आपूर्ति जिले तक पहुंचे, स्वास्थ्य विभाग सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के माध्यम से हवाई आपूर्ति कर रहा है। आदिवासी कुकी-जो समुदाय के प्रभुत्व वाले जिले में आपूर्ति बाधित हो गई है क्योंकि महिलाओं के नेतृत्व वाले मैतेई समूहों द्वारा महत्वपूर्ण राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया है। इंफाल में ट्रांसपोर्टरों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे का हवाला देते हुए इस क्षेत्र में जाने से इनकार कर दिया है।

जवाबी कार्रवाई में, 21 अगस्त को, कुकी निकाय ने कांगपोकपी जिले में दीमापुर-इम्फाल राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर अपनी नाकाबंदी फिर से लगा दी थी, एक मार्ग जिसके माध्यम से मैतेई-प्रभुत्व वाले घाटी क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाती है। हालाँकि, यह कोई गंभीर स्थिति नहीं है क्योंकि घाटी में आपूर्ति के लिए एक वैकल्पिक मार्ग मौजूद है। अब, राज्य सरकार आदिवासी क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग भी विकसित करना शुरू कर रही है। सरकारी बयान में कहा गया है, इम्फाल-दीमापुर (नागालैंड) से आपूर्ति श्रृंखला टूट जाने के कारण चुराचांदपुर जिले में आवश्यक वस्तुओं की वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला सह परिवहन को सिलचर (असम) और आइजोल (मिजोरम) के माध्यम से लिया गया है। इसमें कहा गया है कि परिवहन के दौरान जिन मुद्दों का सामना करना पड़ता है उनमें इंफाल से चुराचांदपुर के बीच परिवहन ऑपरेटरों की अनिच्छा और अंतर-जिला सीमा पर अन्य कानून और व्यवस्था के मुद्दे शामिल हैं जो आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आवाजाही में बाधा डालते हैं।

राज्य सरकार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा मुद्दों को राज्य पुलिस के साथ-साथ असम राइफल्स, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और जिला व्यापार और वाणिज्य विभागों द्वारा आम जनता के साथ समन्वय में संबोधित किया जा रहा है। जिला आयुक्त द्वारा वस्तुओं की कीमत और उपलब्धता पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। भारतीय खाद्य निगम द्वारा रखे गए स्टॉक से चावल की खुदरा बिक्री भी की गई, जिसमें इसकी खुली बाजार योजना के तहत बेचा गया 4,823.50 क्विंटल चावल भी शामिल है। राज्य सरकार ने कहा कि मूल्य रिपोर्टिंग केंद्र भी स्थापित किए गए हैं और बाजार कीमतों में हेरफेर करने वाले जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

## इराक, चीन ने राजनयिक संबंधों की मनायी 65वीं वर्षगांठ

एजेंसियां

बगदाद : इराकी विदेश मंत्रालय ने इराक और चीन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर बगदाद में एक समारोह आयोजित किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बारे में इराकी उप मंत्री मोहम्मद हुसैन बहर अल-उलूम ने अपने भाषण में कहा, इराकी-चीनी दोस्ती ऐतिहासिक है और दोनों देशों के बीच मित्रता की जड़ें कई दशकों से मजबूत हैं। उन्होंने कहा, 65 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों ने सम्मान और पारस्परिक लाभ के आधार पर काफी प्रगति की है। इराक में चीनी राजदूत कुई वेई ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी पारंपरिक मित्रता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन सिल्क रोड ने 2,000 साल से भी पहले दोनों लोगों को जोड़ा था। कुई ने कहा, पिछले 65 वर्षों में, चीन और इराक ने हमेशा एक-दूसरे को समझा, भरोसा किया है तथा हर मुद्दे पर एक-दूसरे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीनी कंपनियां इराक में तेल और बिजली परियोजनाओं में व्यापक रूप से तथा गहराई से शामिल हैं। उन्होंने देश की आर्थिक वृद्धि और लोगों की आजीविका में सुधार के लिए महान योगदान दिया है।

## पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी : खड़गे



एजेंसियां

नयी दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। उन्होंने कहा,''सालाना दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे। ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है। उन्होंने कहा,''उदाहरण के तौर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च मोहाली द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अप्रैल में संस्थान ने 15 नई नियुक्तियां की और 21 व्यक्तियों के प्रमोशन को मंजूरी दी।रोजगार मेला आयोजन के दौरान इनको भर्ती पत्र जारी किए गए थे। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी ने अप्रैल 2023 में अपने जवाब में कहा कि 38 लोगों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। इन 38 लोगों में 18 प्रमोशन के मामले शामिल हैं।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा,''मोदी जी, अगर आपको युवाओं के भविष्य की रत्तीभर भी चिंता होती तो आप ये पीआर स्टंट में शामिल होकर उनकी आकांक्षाओं से खिलवाड़ नहीं करते।

## मोदी के कार्यक्रमों से रोजगार के अवसर खुल रहे हैं: मेघवाल



एजेंसियां

अजमेर : केन्द्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों से जहां रोजगार के अवसर खुल रहे हैं, वहीं विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है। राजस्थान में अजमेर के फायसागर रोड स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप-2 के सभागार में आज आयोजित रोजगार मेले में सुरक्षा , अर्द्धसैनिक बलों एवं अन्य विभागों के लिए 250 अभ्यर्थियों को नौकरी के लिये नियुक्ति पत्र देने के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत रोजगार दिये जाने का अभिनव कर्म किया जा रहा है। इसके जरिए सिस्टम को पारदर्शी बनाया गया है और परीक्षा से लेकर सभी काम आनलाइन किये जा रहे है जिसमें घर बैठे नौकरी दी जा रही है। श्री मेघवाल ने राजस्थान की कानून व्यवस्था को बिगड़ी हुई बताते हुए कहा कि -यहां सरकार दो खेमों में बंटी हुई है। पहले दिन से ही 'असुरक्षित भाव' से सत्ता में काबिज है और पूरे साढ़े चार साल कुर्सी बचाने में लगे रहे और आज भी इसके लिये संघर्ष कर रहे है। गुड गवर्नेंस के नाम पर सत्ता में आई सरकार से गवर्नेंस गायब है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 156 के दावे को भी उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि उन्हें सर्वे को उजागर करना चाहिए । सच्चाई ये है कि इस बार बहुमत के साथ भाजपा सत्ता में आने जा रही है। इस मौके पर सांसद भागीरथ चौधरी, विधायक वासूदेव देवनानी व अनीता भदेल , महापौर बृजलता हाडा, उपमहापौर नीरज जैन एवं शहर अध्यक्ष रमेश सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मिस्र, इतालवी विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

एजेंसियां



काहिरा: मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और उनके इतालवी समकक्ष एंटोनियो तजानी ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तजानी ने नाइजर में विकास के बारे में शौकरी के आकलन और नाइजर और क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के लिए राजनयिक माध्यमों से संकट को हल करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने लीबिया की स्थिति पर भी चर्चा की, जहां शौरी ने अपने इतालवी समकक्ष को राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति में विकास के संबंध में मिस्र के दृष्टिकोण से अवगत कराया। शौकरी ने उन समाधानों का समर्थन करने के तरीकों की भी समीक्षा की जो लीबिया में जल्द से जल्द संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराना सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा दोनों शीर्ष राजनयिकों ने अवैध आप्रवासन सहित भूमध्यसागरीय क्षेत्र में सामान्य स्थितियों और चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने आर्थिक और निवेश क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की और सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों के मौके पर चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की।

---

समावेशन

पीएमजेडीवाई के राष्ट्रीय मिशन के सफल कार्यान्वयन के आज नौ साल पूरे

# जनधन योजना की अगुवाई में डिजिटल बदलाव से वित्तीय समावेशन में आयी क्रांति: सीतारमण

- 28 अगस्त 2014 को इसकी शुरूआत की गयी
- यह गांवों में रह रहे उनके परिवारों को धन भेजने का अवसर प्रदान करता है

राष्ट्रीय खबर



नयी दिल्ली : सभी देशवासियों विशेषकर बैंकिग सेवायें से वंचितों को वित्तीय तंत्र की मुख्य धारा में शामिल करने और वित्तीय समावेशन को गति देने के उद्देश्य से शुरू की गयी 'प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)' के राष्ट्रीय मिशन के सफल कार्यान्वयन के आज नौ साल पूरे हो गए हैं और अब इस मिशन के तहत 50 करोड़ से अधिक खाते खुले हैं जिनमें 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से इस योजना की घोषणा की थी और 28 अगस्त 2014 को इसकी शुरूआत की गयी। इस योजना के नौ वर्ष पूर्ण होने के मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीएमजेडीवाई की अगुवाई में ठोस उपायों के 9 साल के महत्वपूर्ण दौर और डिजिटल बदलाव ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि जन धन खाते खोलकर 50 करोड़ से भी अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इन खातों में से लगभग 55.5 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं, और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इन खातों में कुल जमा राशि बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो गई है। इसके अलावा, इन खातों के लिए लगभग 34 करोड़ 'रुपे कार्ड' बिना शुल्क के जारी किए गए हैं, जिसके तहत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि समस्त हितधारकों, बैंकों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के आपसी सहयोग से पीएमजेडीवाई एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर कर सामने आई है, जो देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को प्रधानमंत्री की पिरकल्पना के अनुरूप पूरी तरह से बदल रही है। वित्तीय समावेशन के जरिए गरीबों की बचत राशि को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाया जाता है और यह गांवों में रह रहे उनके परिवारों को धन भेजने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा यह उन्हें साहूकारों के चंगुल से बाहर निकालता है। 9 अगस्त 2023 तक पीएमजेडीवाई खातों की कुल संख्याः 50.09 करोड़ थी जिनमें से 55.6 प्रतिशत (27.82 करोड़) जन-धन खाताधारक महिलाएं हैं और 66.7 प्रतिशत (33.45 करोड़) जन-धन खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इस योजना के प्रथम वर्ष के दौरान 17.90 करोड़ पीएमजेडीवाई खाते खोले गए।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी हवाई हमलों में अल-शबाब के 13 आतंकवादी की मौत

मोगादिशु: अमेरिकी अफ्रीका कमांड ने रविवार को कहा कि सोमालिया सरकार के अनुरोध पर अमेरिकी सशस्त्र बलों ने अल-शबाब आतंकवादी समूह के खिलाफ हवाई हमला किया जिसमें समूह के 13 आतंकवादी मारे गए। बयान में कहा गया है कि हमला किसमायो शहर से 45 किलोमीटर (27.9 मील) उत्तर-पश्चिम में लक्ष्य पर हुआ। अल-शबाब सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है। यह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

### इजरायली हवाई हमले के कारण अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा नष्ट

दमिश्क: उत्तरी सीरिया में इजरायल द्वारा किए गए हवाई हमले के कारण अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षतिग्रस्त हो गया। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4:30 बजे इजरायल ने लताकिया के पश्चिम में भूमध्य सागर से अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई आक्रमण किया जिसके कारण रनवे नष्ट हो गया और हवाई अड्डा सेवा दे पाने में अक्षम हो गया।

### जापान का पहला चंद्र मॉड्यूल प्रक्षेपण स्थगित

टोक्यो: मौसम की खराबी के कारण जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जॉक्सा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापान का पहला एसएलआईएम चंद्र मॉड्यूल तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-आईआईए लॉन्च वाहन पर प्रक्षेपण किया जाना था। मार्च में नए एच3 रॉकेट की विफलता के बाद यह एजेंसी द्वारा किया गया पहला प्रक्षेपण है। जॉक्सा ने रॉकेट के उड़ान भरने की उम्मीद से 23 मिनट पहले प्रक्षेपण रद्द करने की घोषणा की।

### तुर्की में गोलीबारी, एक की मौत

अंकारा: तुर्की के बोडरम शहर के एक होटल में गोलीबारी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। तुर्किश मीडिया द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। येनी सफाक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी की घटना कार से होटल पहुंचे तीन लोगों और वहां पहले से मौजूद तीन अन्य लोगों के बीच हुई। इस घटना की बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गयी है। कानून प्रवर्तन अधिकारी संदिग्ध को हिरासत में लेने का प्रयास कर रहे हैं।

### शिकागो के लुइसविले में एक रेस्तरां में गोलीबारी, एक की मौत, छह घायल

शिकागो: अमेरिका के शिकागो में केंटुकी के लुइसविले में एक रेस्तरां में रविवार सुबह अचानक हुई गोलीबारी होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार पुलिस ने घटनास्थल पर एक व्यक्ति को मृत पाया और अन्य पांच गोली लगने से घायल हो गये हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। फर्स्ट डिवीजन कमांडर मेजर शैनन लॉडर ने कहा कि कल तड़के स्थानीय समयानुसार करीब तीन बजे रेस्तरां संरक्षक और फुटपाथ पर घूम रहे लोगों के बीच लगी। उन्होंने हालांकि इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि यह घटना कैसे घटी। पुलिस की जांच जारी है, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकी विमान से तीन शव बरामद

कैनबरा: ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी तट पर एक अमेरिकी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मलबे से तीन अमेरिकी नौसैनिकों के शवों को बरामद किया गया और तलाश अभियान मिशन जारी है। आस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र (एनटी) के तट पर रविवार को एक नियमित सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अमेरिकी एमवी -22बी ऑस्प्रे विमान पर 23 कर्मी सवार थे। डार्विन में मरीन रोटेशनल फोर्स ने रविवार रात तीन नौसैनिकों की मौत और अन्य 20 के घायल होने की पुष्टि की, जिनमें से पांच को इलाज के लिए रॉयल डार्विन अस्पताल ले जाया गया। सोमवार को इस दुर्घटना के बारे में नवीनतम जानकारी देते हुए एनटी पुलिस आयुक्त माइकल मर्फी ने ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) रेडियो को बताया कि आपातकालीन सेवाओं के बाद तीन अमेरिकी नौसैनिकों के शवब बरामद हुए है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान टीम ने डार्विन से लगभग 60 किमी उत्तर में मेलविले द्वीप पर उबड़-खाबड़ इलाके से शवों को निकालने के लिए रात भर अभियान चलाया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने आज एबीसी टीवी को बताया कि सरकार ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और हरसंभव मदद करने के लिए अमेरिकी राजदूत कैरोलिन कैनेडी के संपर्क में है।

### मध्य चीन में भारी बारिश के बाद 3,000 से अधिक लोगों को निकाला गया

चांग्शा: मध्य चीन के हुनान प्रांत के कुछ हिस्सों में शनिवार से रविवार सुबह तक हुई भारी बारिश के बाद अलग-अलग इलाकों में ज्यादा पानी भरने से 3,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है। प्रांतीय बाढ़ और सूखा नियंत्रण मुख्यालय ने यह जानकारी दी। उत्तर-पश्चिमी हुनान में शनिवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, सांगझी, शिमेन और योंगशुन और झांगजियाजी शहर की काउंटियों में बाढ़ के लिए आपातकालीन सेवाएं शुरू की गई है। सांगझी स्टेशन पर लिशुई नदी पर जल स्तर 259.21 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान से स्तर से 2.71 मीटर अधिक है और मूसलाधार बारिश की वजह से जलस्तर 10.85 मीटर बढ़ गया है।

### आज का इतिहास

- 1612 : सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तगालियों को हराया।
- 1833 : ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया।
- 1842 : ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1914 : न्यूजीलैंड के सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया।
- 1916 : अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की: फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
- 1932 : नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।
- 1941 : रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की।
- 1945 : ब्रिटेन ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया।
- 1957 : कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया।
- 1974 : चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी की स्थापना।
- 1976 : बंगाल के कवि एवं महान क्रांतिकारी काजी नजरुल इस्लाम का बंगलादेश के ढाका में निधन।
- 1996 : आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत।
- 1998 : पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित।
- 2012 : चीन में सिचुआन प्रांत के शियाओजियावान कोयला खदान में हुए विस्फोट से कम से कम 26 चीनी श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि 21 लापता हो गये।
- 2014 : फिल्म 'गांधी' के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले निर्देशक रिचर्ड एटनबरा का निधन।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची मंगलवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
29:08:2023


## शिक्षकों की पिटाई से आहत होकर जहर खाने वाली छात्रा की मौत

रांची: शिक्षकों की पिटाई से आहत होकर जहर खाने वाली छात्रा की मौत हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने सोमवार को रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक पर छात्रा के शव को रखकर रोड जाम कर दिया। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खत्म कराया। सड़क जाम की वजह से लंबी दूरी तक वाहनों की कतार लग गई थी।

**चारा घोटाला** डोरंडा कोषागार से 36.59 करोड़ की अवैध निकासी मामले में

# 52 को तीन साल तक की सजा, 35 रिहा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** चारा घोटाले के कांड संख्या (आरसी 48ए/96) में डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में कुल 124 आरोपियों में से 52 आरोपियों को तीन साल तक की सजा सुनाई गई है जबकि 35 लोगों को रिहा किया गया। 37 अन्य को तीन साल से अधिक की सजा सुनाई गई है। चारा घोटाला मामले में जिन 35 आरोपियों को कोर्ट ने रिहा किया है उसमें कई डॉक्टर एवं सप्लायर भी शामिल हैं। कोर्ट ने 3 साल से अधिक सजा पाने वाले सभी 37 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, इनकी सजा पर कोर्ट 1 सितंबर को सुनवाई करेगी।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की



अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया।

अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसले के लिए आज का दिन निर्धारित करते हुए सभी आरोपियों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। बता दें कि डोरंडा कोषागार से यह अवैध निकासी वर्ष 1990-91 एवं 1994-95 के दरमियान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी। बता दें कि इस मामले में कुल 124 आरोपियों में से 38 लोक सेवक रहे हैं, जिनमें से आठ कोषागार पदाधिकारी हैं जबकि 86 आपूर्तिकर्ता यानी सप्लायर थे।जिन 35 लोगों को कोर्ट ने इस मामले में बरी कर दिया, उनमें एनुल हक, राजेंद्र पांडेय, राम सेवक साहू, दीनानाथ सहाय, साकेत, हरीश खन्ना, कैलाश मनी कश्यप बरी, बलदेव साहू, सिद्धार्थ कुमार, निर्मला प्रसाद, अनीता कुमारी, एकराम, मो हुसैन, सनाउल हक, सैरु निशा, चंचला सिन्हा, ज्योति कक्कड़, सरस्वती देवी, रामावतार सिन्हा, रीमा बड़ाईक और मधु पाठक का नाम शामिल है।

# कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने किया झारखंड में सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण

- स्कूल के बच्चों ने नेत्रदान का सन्देश दिया
- वर्ष 2022 से अब तक 148 नेत्रारोपण हुए
- अब तक कुल 795 नेत्रों प्रत्यारोपण

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल में नेत्रदान जागरूकता पर आधारित पेंटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस पेंटिंग कॉम्पिटिशन में उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल की 11 और 12 के क्लास की बच्चियों ने भाग लिया। इस पेंटिंग कॉम्पिटिशन की विजेताओं को 08 सितम्बर 2023 को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में होने वाले ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन के कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।

कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के कार्निया प्रत्यारोपण विशेषज्ञों डॉ. निधि गडकर कश्यप और डॉ. पूजा के द्वारा उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल सहित कई अन्य स्कूलों में निरंतर नेत्रदान जागरूकता व्याख्यान दिए जा रहे हैं। इस स्कूल में 100 नेत्रदान के शपथ पत्र भी भरे गए हैं

डॉ. भारती कश्यप, मेडिकल डायरेक्टर, कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने कहा 38 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में एक बार फिर से कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा रन फॉर विजन का आयोजन किया जा रहा है। 2005 से नेत्रदान जागरूकता के लिए रन फॉर विजन का लगातार आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें रांची के बच्चे एवं गणमान्य लोग नेत्रदान जागरूकता के लिए दौड़ते हैं। यह दौड़ बहुत ही संवेदनात्मक तरीके से नेत्रदान का संदेश देता है। ज्ञातव्य हो कि कश्यप मेमोरियल आई बैंक, झारखण्ड के संस्थापक डॉ बी. पी. कश्यप एवं डॉ भारती कश्यप द्वारा झारखंड-बिहार का पहला नेत्र प्रत्यारोपण किया गया था। कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा अभी तक 795 नेत्रों का प्रत्यारोपण किया जा चूका है। पिछले 5 वर्षों में इस बैंक ने 334 नेत्र प्रत्यारोपण किए। 2022 से अभी तक हम ने 148 नेत्र प्रत्यारोपण किए हैं। यह सब संभव हो सका है कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की डॉ. निधि गडकर कश्यप की नेतृत्व में नेत्र प्रत्यारोपण में प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम की वजह से।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने लेह: लद्दाख का दौरा किया

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख में कार्यरत झारखण्ड खास कर संताल परगना के संताली आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है। मालूम हो कि राष्ट्र को बेहतर आधारभूत संरचना से आच्छादित करने में झारखण्ड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। इनका योगदान सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। इसलिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर काम पूरा करने में झारखण्ड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने हेतु प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखण्ड के नेतृत्व में 21 अगस्त 2023 को लेह लद्दाख गया था।

लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है। ताकि श्रमिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखण्ड सरकार ने पहुंचाया। कोरोना संक्रमण काल में भी झारखण्ड के श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखण्ड लेकर आई थी।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा खास कर संताली आदिवासियों को गैर कानूनी रूप से नियोजित करने के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी श्रमिक से मुलाकात की तथा कार्यस्थलों का भी दौरा किया। जहां से झारखण्ड के श्रम विभाग को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर निम्नांकित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कार्यरत श्रमिकों से कही गई है।

# मुन्नम संजय से ईडी ने की पूछताछ, योगेंद्र तिवारी नहीं हुए उपस्थित

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुन्नम संजय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑफिस पहुंचे। उनसे ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की। जानकारी के मुताबिक, मुन्नम संजय से देवघर में चर्चित राय बंगला की जमीन की खरीद के मामले में ईडी ने पूछताछ की है। वहीं शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। देवघर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुन्नम संजय समेत कई अन्य लोगों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल समेत अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी। बीते 23 अगस्त को ईडी ने मुन्नम संजय, योगेंद्र तिवारी समेत कई अन्य लोगों के कुल 32 ठिकाने पर छापेमारी की थी।झारखंड के बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को सोमवार को दोबारा ईडी के समक्ष उपस्थित होना था। हालांकि वे पेश नहीं हुए। शनिवार को ईडी ने तकरीबन सात घंटे तक योगेंद्र से पूछताछ की थी। योगेंद्र को उससे जुड़ी सारी कंपनियों के दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का निर्देश ईडी ने दिया था। वहीं योगेंद्र तिवारी के छोटे भाई अमरेंद्र तिवारी से मंगलवार को पूछताछ होगी। अमरेंद्र को भी ईडी द्वारा भेजा गया

# सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सावन की अंतिम सोमवारी पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भोलेनाथ की पूजा के लिए सुबह से ही शिवपहाड़ मंदिर में सैकड़ों भक्त पहुंचने लगे थे। मंदिर छोटा होने के कारण भक्तों को कतारबद्ध हो कर यहां पूजा करना पड़ता है। शहर के शिवपहाड़ स्थित शिव मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी को कतारबद्ध कराते हुए पूजा कराते देखा गया।



वहीं शहर के गोपाल मंदिर में रसिकुपर और राखाबनी मोहल्ले के भक्त पूजा के लिए पहुंचे थे।



मंदिर में महिला एवं पुरुष भक्तों के साथ काफी संख्या में बच्चों भी पूजा के लिए पहुंचे थे। शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित त्रिपुरारी नाथ शिव मंदिर में भी पंक्तिबद्ध हो कर भक्तों ने सोमवार को बाबा की पूजा-अर्चना की। डंगालपाड़ा शिव मंदिर में पूजा के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावे सृष्टि कुरुवा पार्क में स्थित शिव मंदिर व धर्मस्थान में सोमवारी के कारण भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।





